कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 348, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 16 जनवरी 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## ईडी ने पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़**
पंजाब सतर्कता ब्यूरो यानी विजिलेंस विभाग द्वारा शुरू की गई जांच अब ईडी द्वारा वित्तीय जांच की ओर बढ़ गई है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार किया है। यह कथित घोटाला उनके वन मंत्री के कार्यकाल के दौरान सामने आया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साधु सिंह धर्मसोत को सोमवार को जालंधर ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में चल रही जांच के लिए बुलाया था, जहां से सुनवाई होने के बाद उनकी गिरफ्तारी होने की खबर मिली है।

## विमानों के विलंब या रद्द होने की स्थिति के लिए डीजीसीए ने जारी किया एसओपी

**नई दिल्ली**
डीजीसीए ने प्रतिकूल मौसम के कारण अत्यधिक देरी की वजह से उड़ानों के रद्द होने की स्थिति में विमानन कंपनियों के लिए एसओपी जारी किया है। डीजीसीए ने सिविल एविशशन रिक्वायरमेंट (सीएआर) खंड-3, सीरीज एम भाग- जारी किया है। इसमें विमान में सवार होने से मना किए जाने, उड़ानों के रद्द होने तथा उड़ानों में विलंब होने के कारण एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जिक्र किया गया है।

**सभी विमानन कंपनियों को सीएआर के प्रावधानों का करना होगा अनुपालन**

विमानन कंपनियों को उड़ान टिकटों पर सीएआर के बारे में जानकारी प्रकाशित करने के लिए भी कहा गया है। डीजीसीए ने बताया है कि सभी विमानन कंपनियों के लिए सीएआर के प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य किया गया है। डीजीसीए के नए एसओपी के अनुसार एयरलाइनों को अपनी उड़ानों की देरी के बारे में रियल टाइम सूचना प्रकाशित करनी होगी। यह सूचना एयरलाइन की संबंधित वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके अलावे विमानन कंपनियों को एसएमएस/व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए प्रभावित यात्रियों को अग्रिम जानकारी देनी होगी।

# प्राण-प्रतिष्ठाः आज से पूजा विधि का होगा प्रारंभ

## प्रधानमंत्री नहीं देंगे भाषण, 40 मिनट तक चलेगा अनुष्ठान, मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित प्रतिमा स्थापित की जाएगी

**अयोध्या**
**नवनिर्मित** मंदिर के गर्भगृह में मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह घोषणा रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने की। वह रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की रामघाट स्थित मंदिर निर्माण कार्यशाला में संवाददाताओं से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों ने आम सहमति से अरुण योगीराज द्वारा निर्मित प्रतिमा पसंद की। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने अरुण योगीराज की कला को प्रशंसित भी किया और याद दिलाया कि योगीराज केदारनाथ में स्थापित शंकराचार्य तथा दिल्ली के इंडिया गेट पर स्थापित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा निर्मित कर पहले से ही मूर्तिकार के रूप में स्थापित हैं।

**12:20 से एक बजे तक चलेगा पूजन**

ट्रस्ट महासचिव ने स्पष्ट किया कि रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान तो मंगलवार से ही शुरू हो रहा है, किंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य पूजन 22 जनवरी को मध्याह्न 12:20 से एक बजे तक चलेगा।

**भाषण न देकर मनोभाव प्रकट करेंगे प्रधानमंत्री**

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री सहित संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन भी होगा। चंपत राय के अनुसार, इसे भाषण या उद्बोधन कहना उचित नहीं होगा, बल्कि इस ऐतिहासिक एवं महनीय अवसर पर प्रधानमंत्री सहित अन्य विशिष्ट जन अपने मनोभाव प्रकट करेंगे, जबकि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास आशीर्वचन देंगे।

**21-22 को दर्शन बंद रखने पर विचार**

तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि 22 जनवरी को गर्भगृह में रामलला के विग्रह की स्थापना से जुड़ी तैयारियों को ध्यान में रखकर विराजे रामलला का दर्शन 21 एवं 22 जनवरी को बंद रखे जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है।



## ऐतिहासिक आदिवासी प्रतिभाग

**भारत के** इतिहास में प्रथम बार पहाड़ों, वनों, तटीय क्षेत्रों, द्वीपों आदि के वासियों द्वारा एक स्थान पर ऐसे किसी समारोह में प्रतिभाग किया जा रहा है। यह अपने आप में अद्वितीय होगा।

**समाहित परंपराएँ**

शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य, पात्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंकर, रामानंद, रामानुज, निम्बार्क, माध्व, विष्णु नामी, रामसनेही, घिसापंथ, गरीबदासी, गौड़ीय, कबीरपंथी, वाल्मीकि, शंकरदेव (असम), माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, गायत्री परिवार, अनुकूल चंद्र ठाकुर परंपरा, ओडिशा के महिमा समाज, अकाली, निरंकारी, नामधारी (पंजाब), राधास्वामी और स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव इत्यादि कई सम्मानित परंपराएँ इसमें भाग लेंगी।

## प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं...

**सामान्यतः** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सात अधिवास होते हैं और न्यूनतम तीन अधिवास अभ्यास में होते हैं। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। श्री गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे, तथा काशी के श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित मुख्य आचार्य होंगे।



**विशिष्ट अतिथिगण** प्राण प्रतिष्ठा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के आदरणीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगी।

**विविध प्रतिष्ठान**

भारतीय आध्यात्मिकता, धर्म, संप्रदाय, परंपरा के सभी विद्यालयों के आचार्य, 150 से अधिक परंपराओं के संत, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत, नागा सहित 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, आदिवासी परंपराओं के प्रमुख व्यक्तियों की कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी, जो श्री राम मंदिर परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन हेतु पधारेंगे।

## 18 जनवरी को ही स्थापित कर दी जाएगी प्रतिमा





18 तारीख को गर्भगृह में अपने स्थान पर रामलला की प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी, किंतु स्थापना की प्रक्रिया प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के रूप में चलती रहेगी और 22 जनवरी को एक बजे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की पूणार्हुति के साथ स्थापना की प्रक्रिया पूर्ण होगी। इसके बाद ही नए गर्भगृह में रामलला का दर्शन-पूजन शुरू हो सकेगा।

**विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि वाद्यों का होगा वादन**

प्राण प्रतिष्ठा की अपूर्व बेला में विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधि वाद्यों का वादन होगा। इनमें उत्तर प्रदेश का पखावज, बांसुरी और ढोल, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र की सुंदरी, पंजाब का अलगोजा, उड़ीसा का मर्दल, मध्य प्रदेश का संतूर, मणिपुर का पुंग, असम का नगाड़ा, छत्तीसगढ़ का तंबूरा, बिहार का पखावज, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावण हत्था, पश्चिम बंगाल का सरोद एवं श्रीखोल, आंध्र प्रदेश का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम, तविल और मृदंगम तथा उत्तराखंड का हुड़का शामिल है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी हो चुकी है। 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

दुनियाभर में मौजूद रामभक्त इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए बेताब हैं। देशभर के मंदिरों को इस दिन के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है।



प्रधानमंत्री संग्रहालय में नरेन्द्र मोदी को समर्पित गैलरी की शुरूआत, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्घाटन।

## 'मणिपुर को फिर से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाना चाहता हूं'

**इंफाल**
**पार्टी** के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने सोमवार को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी हैऔर राज्य को फिर से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है। राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की और इसका उद्देश्य भारत के लोगों को एक साथ लाना था। राहुल गांधी ने सोमवार को अपनी भारत



जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस मणिपुर के लोगों के साथ खड़ी है और राज्य को फिर से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाना चाहती है। आज सुबह कस्टम-निर्मित वोल्वो बस में यात्रा शुरू करते हुए, राहुल गांधी कुछ दूरी तक पैदल चलकर लोगों से मिले और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। जब गांधी की बस यहां कई व्यस्त इलाकों से गुजर रही थी, तो यात्रा मार्ग पर कई लोग कतार में खड़े थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे और उन्होंने गांधी का जयकारा लगाया।

**मणिपुर के सेनापति में राहुल गांधी ने किया लोगों को संबोधित**

सेनापति में अपनी बस के ऊपर से लोगों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की और इसका उद्देश्य भारत के लोगों को एक साथ लाना था। उन्होंने कहा, यह बेहद सफल यात्रा थी जहां हम 4,000 किलोमीटर से अधिक चले।

## विधायकों की अयोग्यता मामले में उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नई दिल्ली**
शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की अयोग्यता के मामले पर विधानसभा स्पीकर द्वारा दिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना करार देने के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में स्पीकर द्वारा शिंदे गुट के 38 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने 10 जनवरी को अपने फैसले में कहा था कि जून 2022 में शिंदे गुट को 55 में से 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में सुनील प्रभु का पार्टी का चीफ व्हिप नहीं माना जा सकता है। सुनील प्रभु को शिवसेना विधायक दल की बैठक बुलाने का हक नहीं था। जो बैठक बुलाई गई थी उसमें भी व्हाट्सऐप के जरिये 12 घंटे से भी कम का समय दिया गया था। स्पीकर ने कहा था कि भरत गोगावले को चीफ व्हिप और एकनाथ शिंदे को विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्ति सही थी।

उल्लेखनीय है कि उद्धव ठाकरे गुट ने 9 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर 7 जनवरी को हुई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और स्पीकर राहुल नार्वेकर की मुलाकात पर आपत्ति जताई थी। हलफनामा में कहा गया था कि मुख्यमंत्री समर्थक विधायकों की अयोग्यता पर फैसला देने से पहले स्पीकर का उनसे मिलना गलत है।

## नए नियम से ऊर्जा क्षेत्र में घाटा होगा कम: आरके सिंह

**नई दिल्ली**
ऊर्जा भंडारण क्षमता की तेजी से स्थापना करके ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ ऊर्जा संक्रमण को सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम निर्धारित किए गए हैं। अब एक निर्दिष्ट मात्रा से अधिक भार और ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) रखने वाले उपभोक्ताओं को लाइसेंस की आवश्यकता के बिना समर्पित ट्रांसमिशन लाइनें स्थापित करने, संचालित करने और बनाए रखने की अनुमति है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।



ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने श्रम शक्ति भवन स्थित मंत्रालय में नियमावली जारी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से वितरण कंपनियों का घाटा 2014 में 27 प्रतिशत से कम होकर 2022-23 में 15.41 प्रतिशत हो गया था। ये नए नियम सुनिश्चित करेंगे कि उनका घाटा और कम हो और उनकी गुणवत्ता बढ़े, जिससे वे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें। उद्योग के लिए समर्पित ट्रांसमिशन लाइनों के लिए लाइसेंस की आवश्यकता को समाप्त करने से उद्योग के लिए व्यापार करने में आसानी होगी, जिससे औद्योगिक विकास तेज होगा और अधिक रोजगार सृजन होगा।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि नए नियम में प्रावधान के तहत ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने वाला कोई व्यक्ति या कोई उपभोक्ता ट्रांसमिशन सिस्टम को ग्रिड से जुड़ने के लिए समर्पित ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना, संचालन या रखरखाव के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

## कौशल विकास घोटाला मामले में बढ़ सकती हैं चंद्रबाबू नायडू की मुश्किलें

**नई दिल्ली**
कौशल विकास निगम घोटाला मामले में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 16 जनवरी को अपना फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने इस मामले में नायडू के खिलाफ प्राथमिकी को रद करने से इनकार कर दिया था। नायडू ने हाई कोर्ट के आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती है।

**नायडू को पिछले साल गिरफ्तार किया गया था**

जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की शीर्ष अदालत की पीठ ने पिछले साल 17 अक्टूबर को नायडू की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।कौशल विकास निगम के फंड के कथित दुरुपयोग के आरोप में नायडू को पिछले साल नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

## प्रौद्योगिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देने आगे आये कॉर्पोरेट जगतः उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कॉर्पोरेट नेताओं से विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का समर्थन करने का आान किया। विकसित देशों में अनुसंधान शुरू करने और वित्त पोषण करने में कॉरपोरेट्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन के लिए विघटनकारी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति ने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाले एक सुरक्षा



जाल के रूप में आईएमडी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आईएमडी के पूवार्नुमानों की सटीकता की सराहना करते हुए धनखड़ ने चुटीले अंदाज में कहा, मैं उस दिन की तलाश में हूं जब आईएमडी भविष्यवाणी कर सके कि पीठासीन अधिकारियों के लिए संसद के दोनों सदनों में मौसम की स्थिति क्या होगी।

आईएमडी के वैश्विक प्रभाव को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के पड़ोसी भी आईएमडी की विशेषज्ञता पर भरोसा करते हैं। इसके लिए उन्होंने चक्रवात मोचा के दौरान और उसके बाद बांग्लादेश और म्यांमार द्वारा की गई भारत की प्रशंसा का उदाहरण दिया। धनखड़ ने बताया कि कैसे किसी राष्ट्र की आर्थिक और तकनीकी प्रगति अंतरराष्ट्रीय संबंधों को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा, अपने पड़ोसियों और अन्य देशों तक अपनी मौसम और जलवायु सेवाओं का विस्तार करके हम न केवल क्षेत्रीय लचीलेपन को मजबूत करते हैं बल्कि एक जिम्मेदार वैश्विक खिलाड़ी होने की भारत की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करते हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आईएमडी की भूमिका का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं कृषक पुत्र हूं, इसीलिए कह सकता हूं कि मौसम विभाग का काम केवल मौसम की जानकारी देने तक सीमित नहीं है। खेत जोतते किसान से लेकर सीमा पर खड़े जवान तक मौसम विभाग अहम भूमिका निभाता है। उपराष्ट्रपति ने कृषि आय बढ़ाने, सीओवीआईडी प्रबंधन सुनिश्चित करने और सफल सुविधा प्रदान करने जैसे विविध क्षेत्रों में आईएमडी के योगदान का भी जिक्र किया। धनखड़ ने आईएमडी और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के बीच तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि यह आईएमडी की स्थिति को दुनिया में अग्रणी मौसम विज्ञान विभागों में से एक के रूप में मजबूत कर रहा है।

# लाखों श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति पर लगाई आस्था की डुबकी

## वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व स्नान घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रह कर व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** मकर संक्रांति के पावन अवसर व माघ मेला के प्रथम मुख्य स्नान पर्व पर सायं 06:00 बजे तक लगभग 20 लाख 90 हजार स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम तट तथा गंगा जी के तट पर बनाये गये विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगायी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी। माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सफाई कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगायी गयी है। माघ मेला क्षेत्र में अपने स्वजनों से बिछड़ने वाले लोगो के लिए खोया-पाया केन्द्र से लगातार एनाउंस कर उनके स्वजनों से उन्हें मिलाया गया। श्रद्धालुओं को मेले में भटकना न पड़े, इसके लिए संगम जाने का मार्ग वापस लौटने का मार्ग व अन्य मार्गों को प्रदर्शित करते हुए साइन बोर्ड रास्तों पर लगाये गये है। माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा की व्यवस्था चाक-चैबंद रही। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, अपर जिला अधिकारी मेला विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। इसके साथ ही साथ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द व जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण में बनाये गये आईसीसीसी केन्द्र से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही पूरे मेला क्षेत्र की व्यवस्था को भी देखा। मकर संक्रांति के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। मकर संक्रांति का स्नान पर्व सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।

## रोजगार मेले में 151 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज परिसर में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 235 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। चन्द्र कान्त सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रयागराज उपस्थित रहे एवं इनके द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन अभ्यर्थियों का चयन न हो पाया हो वे आगामी होने वाले रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कार्यालय के मेला प्रभारी अधिकारी प्रशांत तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व कार्यालय के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेले में कैरियर काउंसलिग का कार्य राम भरोसे वर्मा, अनु0 द्वारा किया गया।

# मकर संक्राति भोज मे मिली एकता की भावना, समरसता स्वाद के साथ

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वाधान में सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक समरसता भोज का आयोजन प्रयागराज के धूमनगंज स्थित हनुमान वाटिक में 15 जनवरी को किया गया। इस समरसता भोज में प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, मीजार्पुर एवं वाराणसी के भाजपा नेताओं के साथ साथ आमजन ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आये विशिष्टजनों को सांसद विनोद सोनकर नें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गायक मनोज गुप्ता ने अपनी टीम के साथ श्रीराम के भजनों की विशेष प्रस्तुति दी। जिसमे लोग खिचड़ी के स्वाद के साथ भजनो में भी डूबे रहे। समरसता भोज में श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए बाजरे की भी खिचड़ी खिलाई गई। मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि सामाजिक समरसता भोज मात्र एक भोज का आयोजन नही हैं बल्कि इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गो को एकसाथ लाकर राष्ट्र निर्माण करना हैं। मकर संक्रान्ति में जो हम खिचड़ी खाते हैं, उसमे प्रयोग होने वाला चावल हमेशा नया प्रयोग किया जाता हैं, चावल चन्द्रमा का प्रतीक हैं। उसमे प्रयोग होने वाली उड़द की दाल शनि का प्रतीक हैं और खिचड़ी में प्रयोग होने वाली सब्जियां बुद्ध की पहचान हैं। चन्द्रमा, शनि और बुद्ध इन तीनो ग्रहों के संयोजन से हमारी खिचड़ी तैयार होती हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसी खिचड़ी खाने से आगामी एक साल तक आप निरोगी रहते हैं। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि हर जाति वर्ग के लोगो को जोड़कर ही सामाजिक समरसता लाई जा सकती हैं। उन्होने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बढ़ता हैं और देश प्रगति के पथ पर बढ़ता हैं। विनोद सोनकर ने बताया कि कौशाम्बी महोत्सव के माध्यम से कौशाम्बी को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा हैं। कौशाम्बी के चरवा में भगवान राम ने अपने बनवास जाते समय एक रात बितायी थी। 22 जनवरी को कौशाम्बी विकास परिषद की ओर से चरवा में कौशाम्बी की अयोध्या नाम से भव्य रामकथा का आयोजन मिश्र बंधुओ द्वारा किया जायेगा। मुख्य अतिथि के रुप में प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी, प्रयागराज से सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शशि वार्ष्णेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, प्रतापगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, फाफामऊ विधायक प्रवीण पटेल, सिराथू के पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल सम्मिलित हुए।

# राष्ट्र और सनातन धर्म' का भाव संजोए हरे राम सेवा संस्थान ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर प्रसाद किया वितरण




**प्रयागराज।** हरे राम सेवा संस्थान ने सोमवार को सीपीडीए ,बालसन चौराहा,प्रयागराज के समीप भेदभाव मुक्त समरस समाज के प्रतीक भगवान सूर्य के उतरायणी पर्व मकर संक्रांति, लाल लोई शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया, जिसमे संस्थान के सभी सेवादारों ने मिलकर प्रसाद वितरण किया` संस्था के संस्थापक अनंत सिंह जेलियांग, असिस्टेंट प्रोफेसर,सीएमपी डिग्री कॉलेज,प्रयागराज ने इस कार्यक्रम की अगुआई की और कहा की हमारा उद्देश्य है सामाजिक सेवा के माध्यम से समरसता का बीज समाज में डालना। उन्होने बताया कि इस प्रसाद वितरण का मुख्य उद्देश्य सभी धर्मो को एक धागे में पिरोना है।इस सफल कार्यक्रम के लिए हम आभारी हैं नागेन्द्र सिंह,समाज सेवी, डॉ अजय त्रिपाठी (संस्थापक वेल्सन मेडिसिटी, लखनऊ), वरुण कुमार सिंह, विशंभर सिंह, एडवोकेट हाईकोर्ट,जितेंद्र शर्मा(संस्थापक सीपीडीए), जितेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र यादव,संजय गुप्ता ,शिवनंदन गुप्ता,अनुराग संत ने प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।सभी लोगो ने इस कार्यक्रम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया और कहा कि हमारे समाज के लिए इस तरह का कार्य जरूरी है। इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में प्रशांत सिंह, अंबूज अंकुर रौनियार, प्रत्युष सिंह, हर्ष राय, रोहित वर्मा, अभिषेक द्विवेदी, मनदीप चौधरी डी जे हॉस्टल), दिलीप मौर्य, विवेक पाण्डेय, शांतनु मिश्रा, अस्मित मिश्रा, अंशु सिंह, प्रीतेश राय, गौरव ओझा, सौरभ पाण्डेय, धर्मेंद्र यादव, राज मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, प्रणव सिंह, अरिदमन सिंह, अरुण चौधरी आदि जैसे सेवादारों का भी अतुलनीय योगदान रहा।



# नए रेट से मुआबजे की मांग, नही माने किसान रिंग रोड का काम रुका

**झूंसी।** किसान नए रेट से मुआबजे की मांग को लेकर अड़े हुए है। तीसरे दिन सोमवार को भी झूंसी के बजहा, राजूपुर में रिंग रोड का काम नही शुरू हो सका। किसानों को समझाने पहुचे एनएचआई के अधिकारी व राजस्व टीम के किसानों ने एक न सुनी और मुआवजे के बाद ही काम शुरू करने की मांग पर अड़े रहे। सोमवार को एएनएएचआई के अधिकारी पंकज मिश्रा, पीषूष मिश्रा व लेखपाल केके सिंह व रिंग रोड का काम कर रही कंपनी के अधिकारी विकास त्रिपाठी बजहा गांव पहुंचे और किसानों से बातचीत की। किसानों ने पुराने सर्किल रेट से मुआवजा देने का विरोध किया। उनका कहना था कि जिन किसानों की जमीन रिंग रोड में अधिग्रहीत की जा चुकी है उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया। वहीं कनिहार गांव के किसानों को प्रति विस्वा की दर से 3. 86 लाख मुआवजा दिया गया लेकिन यहां के किसानों को एक लाख छह हजार रुपया प्रति विस्वा की दर से मुआवजा दिया जा रहा है। नये सर्किल रेट से मुआवजा दिया जाय। किसानों का आरोप है कि किसानों की जमीन की नाप सिहद्दे से की जाय ताकि पता चले कि उनकी कितनी जमीन ली गई है। लाख प्रयास के बाद भी किसानों और रिंग रोड के कार्य में लगे अफसरों से बात नहीं बन पायी। बता दें कि शनिवार को मुआवजा न दिए जाने और पुराने सर्किल रेट से मुआवजा देने को लेकर हंगामा करते हुए किसानों ने काम रुकवा दिया था। इस मौके पर राकेश पाण्डेश, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, रत्नेश सिंह, रमेश सिंह, गोपी यादव, अरुण पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### प्रथम स्नान पर्व के उपरांत मेला प्रशासन ने चलाया सफाई अभियान



**प्रयागराज।** माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति के स्नानोपरांत मेला प्रशासन द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा तत्परता के साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित की गई।

### मकर संक्रांति पर्व पर लगातार दूसरे दिन भी अरैल सोमेश्वर घाट पर तैनात रही एसपीओ टीम



**नैनी।** नैनी अरैल सोमेश्वर घाट पर मकर संक्रांति पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए कड़ाके की ठंड में विभिन्न घाटों पर एकत्रित हो रहे हैं। भीड़ को काबू में करने के लिए जगह-जगह पुलिस का बैरियर लगा रहा। अरैल सोमेश्वर घाट पर सबसे ज्यादा भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन चप्पे चप्पे पर तैनात रही वहीं लगातार दूसरे दिन भी विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के जवान पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिनव त्यागी एसीपी करछना अशोक कुमार सिंह एवं नैनी थाना प्रभारी यस पाल सिंह के आदेशानुसार अरैल चौकी इंचार्ज परमानन्द के साथ मिलकर अपनी सेवा प्रदान करने में जुटे रहे। एसपीओ टीम के कुछ सदस्य वीआईपी घाट पर तो कुछ सदस्य अरैल घाट पर तैनात रहे। इस मौके पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली मेला प्रभारी रामजी जायसवाल एवं रवि मिश्रा अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान एलाउन्सर इकरामुल्ला, दिनेश चंद्र केसरवानी, दीपक केसरवानी, मकबूल रहमान, विशाल जायसवाल, अश्विनी शर्मा, सुशील शर्मा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, अंकित केसरवानी, फिरोज, मयंक कुमार, आशीष रावत,मो आरिफ, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार विश्वकर्मा आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का अयोजन संपन्न



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का अयोजन सोमवार से 14.02.2024 तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के प्रथम दिवस आज दिनांक 15 जनवरी को सम्भागीय परिवहन कार्यालय प्रयागराज के प्रांगण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी/ सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन) प्रयागराज के द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को पम्पलेट एवं बुकलेट वितरण करते हुए सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।उक्त कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संजीव कुमार गुप्ता, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन) राजीव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) प्रथम दल सुश्री अलका शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रतीक मिश्र एवं समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

### ओवरलोडिंग के चलते ट्रांसफार्मर में लगी आग बाल बाल बचे लोग



**करछना** प्रयागराज विद्युत सब स्टेशन 33/ 11 उप केंद्र करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी में 63 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर ओवरलोड एवं बिजली चोरी के चलते आग लग गई ग्रामीणों के अनुसार गांव में बड़ी संख्या में लोग बिजली चोरी करते हैं जिसके चलते ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड पड़ जाने के कारण अचानक उसमें आग लग सड़क के किनारे लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर में आग से आवागमन राहगीरो के चलते बाल बाल बच गए लोग ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन के संबंधित कर्मियों को सूचित कर दिया तथा गांव में फर्जी ढंग से बिजली इस्तेमाल करने वाले लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई एवं ट्रांसफार्मर बदले जाने की अपील की है

### महापौर ने स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई



**नैनी।** नैनी मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी के द्वारा नैनी में स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव पार्षद रणविजय सिंह संजय भारतीय पार्षद मौजूद थे महापौर गणेश केसरवानी ने स्वच्छता पर बल देते हुए सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षद से स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई जिसमें अपने अपने क्षेत्र में प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक पार्षद स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए मंदिरों का अपने गलियों का सड़कों का साफ सफाई का विशेष ध्यान दे इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव मंडल महामंत्री भाजपा उमेश सेन सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष केसरवानी सुधीर शर्मा नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल धर्मराज पटेल नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा पीयूष कांत मिश्रा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सपा नेता के आवास पर पूर्व मंत्री इंद्रजीत ने नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित कर जताया शोक

### पूर्व मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा हर सम्भव राजनीति में भागीदारी मिलेगी



**मांडा।** राजापुर गांव निवासी सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश पासी के असामयिक निधन पर पूर्व मंत्री एवं विधान सभा मंझनपुर विधायक इंद्रजीत सरोज ने विधायकों के साथ नम आंखों से सपा नेता के घर पहुंच उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर संवेदना जताई। सपा नेता दिनेश पासी (45) के आकस्मिक निधन की सूचना पर सोमवार को पूर्व मंत्री एवं विधान सभा मंझनपुर विधायक इंद्रजीत सरोज उनके मांडा राजापुर गांव स्थित आवास पर पहुँच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाते उनकी पत्नी नगीना देवी व बेटा धीरज कुमार से मिलकर हर सम्भव सहयोग करने की बात कहा। उनके साथ मेजा विधायक संदीप पटेल, सपा जिलाध्यक्ष मिजार्पुर देवी चौधरी , पूर्व प्रत्याशी मेयर अजय श्रीवास्तव, परवेज अहमद, प्रेम शंकर पटेल, जय शंकर भारतीय,सपा नेता अवधेश यादव, पूर्व प्रधान श्याम बिहारी मौर्या, पंचूराम निषाद, पिंटू पाल,राज कुमार यादव आदि लोगों ने भी संवेदना व्यक्त की।

# कांग्रेसियों ने निकाली मशाल जुलूस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आज रविवार को देर शाम कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकाली। राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में निकले कांग्रेसियों ने यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। पार्टी कार्यालय से निकली यह मशाल यात्रा शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंची। कांग्रेस के पूर्व विधायक व पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुग्रह नारायण सिंह की अगुवाई में निकली मशाल यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी सड़कों पर हाथों में मशाल लेकर निकले थे। अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा, देश के हर वर्ग, हर जाति, हर भाषा, हर क्षेत्र, हर मजहब, छोटे-बड़े सबको न्याय का बराबर अधिकार हो इसी बात को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान की रचना की थी।



### देश में महंगाई व भ्रष्टाचार चरम पर

अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि आज जो हिंदुस्तान की तस्वीर है और 2014 का भारत जिसने पूरी दुनिया में अपना लोहा बनवाया था, हमको लोकतंत्र की जननी कहा जाता था, वर्तमान सरकार ने यह सभी मानक ध्वस्त कर दिए। देश का आम नागरिक महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और न्याय न मिलने का दंश झेल रहा है, मणिपुर इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो आज ही के दिन मणिपुर से शुरू किए हैं उसी के समर्थन में हम लोग मशाल जुलूस के जरिए प्रयागराज के लोगों को भी जगाने का काम कर रहे। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र (अंशुमन), यमुनापार जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी, गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने भी संबोधित किया।

# पाइपलाइन ध्वस्त होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**विसहिजन कला गांव में प्रतिदिन बर्बाद होता है लाखों लीटर पानी**

**मेजा।** क्षेत्र के विसहिजन कला गांव में प्रधानमंत्री मोदी जी की महत्वकांक्षी योजना,जलकर योजना को मुंह दिखाती हुई ।हर एक गांव के विकास के क्षेत्र में एक विशेष योगदान माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का रहा कि हर घर-घर नल योजना का विस्तार किया गया लेकिन योजना तो लागू हो गई फिर उस योजना की कोई सुध लेने वाला नही है जगह-जगह पानी की पाइपलाइन फट जाने के कारण उसे समस्या का समाधान करने की कोई सुध नहीं ले रहा है।ऐसा ही मामला विसहिजन कला गांव में जगह-जगह पानी की पाइपलाइन फट गया जाने से जिससे सभी ग्रामीणवासियों को प्राचीन हनुमान मंदिर में चलने में बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा है इसकी सुध लेने वाला कोई भी जलनिगम का कर्मचारी, अधिकारी नहीं है। ग्रामीण वासियों के अनुसार महिनो से पानी की पाईप लाईन जगह जगह फूटी हुई है उससे रोजाना लाखो लीटर पानी फालतू बह रहा है मगर जलकल विभाग कोई ध्यान नही दे रहा हैसमाजसेवी,अधिवक्ता मनीष द्विवेदी मेजा इस समस्या के संज्ञान में आते ही आपने समस्या के समाधान के कार्य में लग गए वह तुरंत जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान जल निगम कार्यालय लखनपुर में जाकर देखा गया ।वहा विभाग के किसी भी कर्मचारी,अधिकारी कोई भी नही मिला ,वहा ताला लगा हुआ था। सभी ग्रामीणवासियों के साथ मिलकर इस समस्या में लड़ने के लिए जल कल विभाग में विधिक नोटिस भी देने के प्रक्रिया में लगे है। ग्रामीणवासियों में आक्रोश देखा जा रहा सकता है सभी लोगो को पानी की समस्या बनी हुई है पानी बहने के कारण सभी घरों में पानी नहीं मिल पा रहा है इस मौके पर मयंक शुक्ल, राहुल शुक्ल, रविन्द्र गुप्ता, अनुज शुक्ला,आकाश गुप्ता, तनुज शुक्ला,पंकज गुप्ता, आर्यन तिवारी, पुस्पेंद्र तिवारी, बजरगी पाल,मिठाई यादव, आदि रहे।

# राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति ने लोगों को बांटे पूजित अक्षत

## पत्रक लेकर आमंत्रण स्वरुप किया सम्पर्क

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में अनेक स्थानों पर राम भक्तों ने अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं पत्रक लेकर आमंत्रण स्वरूप संपर्क किया। आज अनेक स्थानों पर बहनों ने भी टोली बनाकर संपर्क अभियान में लगी रही। संपर्क अभियान का आज अंतिम दिवस रहा।

जिले के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने खंड में आमंत्रण स्वरूप संपर्क अभियान में लगे रहे। 16 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 तक प्रत्येक गांव में प्रत्येक गली में तथा सभी बस्तियों में, उप बस्तियों में प्रभात फेरी निकालेंगे। और सभी राम भक्त चलते हुए जय श्री राम के उद्घोष के साथ श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का कीर्तन करते हुए ,शंख बजाते हुए, गांव में निकलकर इस आशय का भाव जागरण करेंगे कि आज पूरे देश में जहां भी भारतवासी रहते हैं वहां भगवान श्री राम की भक्ति के द्वारा ही व्यक्ति इस संसार से मोक्ष को प्राप्त कर सकता है ,और यह भी संदेश देते हुए कि 22 जनवरी 2024 को सभी राम भक्त, ग्रामीण अंचल के सभी भद्रजन अपने-अपने निकट के मंदिरों पर एकत्रित होकर दिन में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड का पाठ ,हनुमान चालीसा का पाठ, विजय मंत्र का पाठ एवं विविध प्रकार के आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे। इसी दिन सांयकाल सभी लोग अपने-अपने घरों पर दीपावली जैसा उत्सव मनाएंगे। और अपने-अपने घरों पर पूजन विविध प्रकार के आध्यात्मिक कार्यों को संपन्न करेंगे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसन्नता के भाव एवं आनंद के वातावरण में पूरे वैभव के साथ उत्सव मनाएंगे। आज तक लगभग 196000 परिवारों में राम भक्तों ने अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं पत्रक लेकर आमंत्रण स्वरूप संपर्क किया। आज विकासखंड सांडवा चंडिका में बाबूगंज से लेकर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक राम भक्त शामिल रहे। इस प्रकार आज पूरा समाज राममय हो गया है। 22 जनवरी 2024 को जिले के सभी मंदिरों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री तथा अभियान के जिला संयोजक राजन जी ने दिया। इस पूरे अभियान को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, जिला सहसंयोजक महेश गुप्ता ,अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार, मनीष रावत, सारिका श्रीवास्तव, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रजनीश, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री चंदन, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, शीतांशु, राम केवल, सुभाष, ज्ञानेश, लवलेश, कार्तिकेय द्विवेदी, अजय कुमार, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, शारदा, रवि, शिव कुमार सोनी, राम उजागर, अशोक शर्मा, डॉक्टर पीयूष कांत, अनामिका उपाध्याय, सरोज सिंह, सुमित, धीरज आदि अनेक राम भक्त लगातार संपर्क अभियान में संलग्न है।



लोगों को पूजित अक्षत देते समिति के पदाधिकारी।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में समर्पित होगी स्यन्दिका का जल व करील की पवित्र लकड़ियां

## अयोध्या ले जायेंगे बाबा घुइसरनाथ धाम के महंत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में पूजन-अर्चन के लिए बाबा घुइसरनाथ धाम के समीपवर्ती करील के पवित्र वृक्ष के पुष्प, लकड़ियों के साथ सई नदी का पवित्र जल भी समर्पित होगा। धाम के महंत इसे अयोध्या लेकर जाएंगे। श्रद्धालुओं ने मकर संक्रान्ति पर बाबा धाम के समीप सई तट पर स्थित करील के वृक्ष का श्रीरामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रन्थ संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजन अर्चन किया।

पवित्र करील वृक्ष के पुष्प, लकड़ियों के साथ ही स्यन्दिका के जल को अलग अलग पात्रों में संजोकर श्रद्धालुओं ने अभियान के संयोजन ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में बाबा धाम के महन्त मयंक भाल गिरि को सौंपा। शंख ध्वनि व घंटे घंटियों के शंखनाद के साथ इनहन भवानी धाम के आचार्य राजेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर पौध पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला और अयोध्या धाम के जयघोष के साथ हरे कृष्ण हरे रामा संकीर्तन के साथ पवित्र ग्रन्थ श्रीरामचरितमानस का भी पूजन अर्चन किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में श्रीरामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रन्थ घोषित कराये जाने के संकल्प मसौदे को भी सर्वसम्मत से अनुमोदित किया। संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि वन गमन के समय मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम के पवित्र स्पर्श से करील के वृक्ष को अमरत्व का वरदान मिला। ऐसे में श्रीरामचरितमानस एवं श्रीमदभागवत गीता के साथ ही श्रीबाल्मीकि रामायण जैसे पवित्र ग्रन्थों की संरक्षा से ही विश्वपटल पर भारतीय संस्कृति को चिर स्थायित्व मिल सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन आदिगंगा सई आरती प्रबन्धन समिति के संयोजक पं. शिवनारायण शुक्ल ने किया। सह संयोजक विपिन शुक्ल ने श्रीराम ज्योति प्रज्जवलित कर आयोजन की ओर से सर्वमंगल की कामना की। इस मौके पर दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने मकर संक्रान्ति पर करील वृक्ष का किया पूजन

# भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को लेकर गांव गांव जागरूकता देंगे कार्यकर्ता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर सोमवार को कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक में राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोडो यात्रा के संदेश को गांव गांव तक पहुंचाए जाने का संकल्प जताया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अगुवाई में न्याय मिलने तक पार्टी के संघर्ष की भी मजबूती को लेकर कार्यकताओं ने हुंकार भरी।

वहीं संकल्प दिवस पर पार्टी के संगठन तथा नीतियों को प्रभावी बनाए जाने में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र का कार्यकताओं की ओर से सांसद प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य विन्देश्वरी पटेल तथा संचालन रामू मिश्र ने किया। संयोजक राजू पाण्डेय व छोटे लाल सरोज ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, महमूदआलम, श्यामलाल वर्मा, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, शैलेन्द्र मिश्र, अभिनव शुक्ला, रामचंद्र तिवारी, शिवबहादुर सरोज, भइयाराम तिवारी, अवधेश पटेल, शास्त्री सौरभ, शिवम पाण्डेय, अतुल शुक्ला, भारत यादव, मुरलीधर तिवारी, राममिलन यादव, जगदीश नारायण तिवारी, दीपेन्द्र ओझा, सोनू शुक्ला, दारा सिंह, पन्नेलाल पाल, सोनू मिश्र, दीपक मिश्र, नामवर सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, विनय पाण्डेय, मुन्ना शुक्ला, मनोज तिवारी, सिंटू मिश्र, संदीप शुक्ल आदि रहे।

### कार्यकताओं ने संकल्प दिवस पर संघर्ष का लिया संकल्प

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत बंशियारा में चला स्वच्छता अभियान

## सक्षम फाउन्डेशन संस्था ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के विकास खण्ड बिहार की बंशीयारा ग्राम पंचायत में रविवार को सक्षम फाउण्डेशन के संयोजन में जनता लघु माध्यमिक विद्यालय तथा शांति शिक्षा निकेतन प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान प्रारम्भ किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों की पूरी टीम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों की उपस्थिति में गन्दगी एवं साफ-सफाई का अभियान चलाया गया।



स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल में सफाई कराते अधिकारी।

स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यालयों के खेल मैदान, प्रार्थना सभा मैदान, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी तथा सार्वजनिक सड़कों की साफ-सफाई करायी गयी तथा मैदान का समतलीकरण कराया गया। विद्यालय परिसर में बड़ी-बड़ी झाडियॉ नालियॉ की साफ सफाई किया तथा स्कूल मैदान परिसर को समतल कराया जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को अध्ययन-अध्यापन कार्य में व्यवधान होता था। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मन्दिर होता है अतएव विद्यालय परिसर में कहीं भी गन्दगी नहीं होनी चाहिए, हमें विद्यार्थियों में ऐसी आदत विकसित करनी चाहिए कि वे स्वयं गन्दगी न करें तथा न गन्दगी होने दें जिससे गन्दगी नहीं फैलेगी तथा विद्यालय का वातावरण शुद्ध एवं स्वस्थ होगा। इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के स्वयं सेवकों के साथ ओम प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य, शिव बहादुर सिंह, प्रबन्धक, बद्री द्विवेदी, रमेश सिंह, नन्हें यादव, राधेकृष्ण मिश्रा तथा ग्राम सभा बंशियारा के जागरूक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा सक्षम फाउण्डेषन के द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना किया। इसी क्रम में विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत कालाकांकर मोहम्दाबाद उपरहार मे सोमवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला व ग्राम प्रधान एव पेट्रोल पम्प मालिक कुंवर मनीष सिंह ने सफाई कर्मियों की टीम से साफ सफाई कराया। बता दें कि प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 14 जनवरी से पूरे प्रदेश स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया जिसमे सरकारी गैर सरकारी पूजा स्थलों की 22 जनवरी तक साफ सफाई का अभियान चलाया जाय जिसके तहत विकास खंड कालाकांकर के अंतर्गत ग्राम पंचायतो मे सहायक विकास अधिकारी पंचायत कालाकांकर संतोष शुक्ला सफाई कर्मियों की टीम भेजकर अभियान को सफल करने मे लगे हुए है।

# दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धाश्रम के वृद्धजनो के बिना हर त्यौहार अधूरा

## लाई, चूरा, गजब, तिलवा आदि उपहार पाकर खिले दिव्यांग बच्चों के चेहरे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति खिचड़ी पर्व पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारी एवं क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज एवं वृद्धाश्रम महुली पहुंचकर दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनों के साथ खुशियां बांटने की कोशिश की गई। क्लब की तरफ से दिव्यांग बच्चों को लाई, चुरा, तिलवा, लेडूवा, मिष्ठान, फल, गजक आदि खिचड़ी से संबंधित सभी उपहार देकर खुशियां बांटी गई।



वृद्धजनों को उपहार देते क्लब के पदाधिकारी।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी खिचड़ी के अवसर पर दिव्यांग बच्चों व वृद्धजनो के साथ मिलकर खिचड़ी की सामग्री आदि सभी उपहार देकर उनके साथ खुशियां बाँटी। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धजनो के साथ खुशियां बांटे बिना हमारा कोई त्यौहार पूरा नहीं होता है इन बच्चों को कोई चीज की कमी महसूस न हो इसके लिए सदा प्रयास करता रहूंगा।इन दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बच्चे बहुत ही होनहार हैं इनका केवल उत्साह बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अनिरुद्ध तिवारी, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में पद यात्रा से अयोध्या पहुंचेगे राहुल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर श्रीराम भक्तों का उत्साह चरम पर आ पहुंचा है। सोमवार को लालगंज के सराय जगत सिंह निवासी राहुल वैश्य अपने स्वजनों व गांव के लोगों के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे। यहां दर्शन पूजन कर वह पैदल करील वृक्ष स्थली पर पहुंचे। यहां भी अच्छत पुष्प समर्पित कर वह अयोध्या धाम के लिए पद यात्रा को निकले हैं। राहुल वैश्य का कहना है कि श्रीरामलला के अयोध्या पधारने का यह अलौकिक क्षण है। श्रद्धा स्वरूप वह पैदल अयोध्या धाम पहुंचकर भगवान के दिव्य स्वरूप का दर्शन करेंगे। राहुल का उत्साह बढ़ाने के लिए बाबा धाम में उनके गांव के लोगों का भी जमावड़ा दिखा।

# आरएसएस के पदाधिकारियों ने वेद मंत्रों का किया सस्वर पाठ

## विद्वानों को वितरित किया गया पंचांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ज्योतिषाचार्य पंडित आलोक मिश्र के संयोजकत्व में बलीपुर स्थित दुर्गा मंदिर में वेदपाठी विद्वानों का एकत्रीकरण हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित विद्वानों ने स्वस्तिवाचन और वेद मन्त्रों के सस्वर पाठ के साथ-साथ शंखध्वनि करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर जय घोष किया। इस अवसर पर आचार्य पंडित आलोक मिश्रा के निर्देशन में डॉक्टर सौरभ पांडेय द्वारा सभी विद्वानों को पंचांग वितरित किया गया। इस क्रम में जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी ने कहा कि जिस प्रकार सूर्य अपनी गति परिवर्तित करके पूरे विश्व को प्रकाशमान करने के साथ-साथ निरंतर गतिमान रहने का संदेश देता है, वैसे ही विद्वानों का कार्य समाज को सदैव जागृत रखना है। आज शंख ध्वनि के माध्यम से श्री राम मंदिर के निर्माण के शुभ अवसर विद्वानों द्वारा की गयी शंख ध्वनि भारत के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिला प्रमुख शिशिर खरे विभाग व्यवस्था प्रमुख गिरजा शंकर मिश्र दीपक, मनोज, संतोष आदि उपस्थित रहे।



विद्वानों का पंचांग वितरित करते आरएसएस के पदाधिकारी।

# शायर मुनव्वर राना के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मशहूर शायर मुनव्वर राना के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि पडोसी जिले रायबरेली में जन्मे मुनव्वर राना शायरी की दुनिया में देश के सबसे बड़े नामों में से एक थे। नेताद्वय ने कहा कि मुनव्वर राना प्रसिद्ध कवि, शायर और लेखक के रूप में पिछले कई दशकों से लोगों में अपनी अलग पहचान बनायी हुई थी। प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि स्व. मुनव्वर राना ने कई पुस्तकें भी लिखी। खासकर उनकी कृति मां पर लिखी यह पंक्ति-मैं सबसे छोटा था मेरे हिस्से में मां आयी सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। नेताद्वय ने कहा कि मुनव्वर राना के निधन से साहित्य जगत में एक चमकते हुए सितारे का सदा के लिए अन्त हो गया है। नेताद्वय का बयान यहां सोमवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

# 17 जनवरी तक बंद रहेंगे 1 से 8 तक के विद्यालय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित क्लास एक से आठ तक के विद्यालयों में 16, 17 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा परिषद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शीत लहर के कारण स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया। टीचर, अनुदेशक और शिक्षामित्र स्कूल जाएंगे।



प्रधानमंत्री का भाषण सुनते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

# चिलबिला में लोगों ने देखा पीएम का सजीव प्रसारण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हमारा संकल्प विकसित भारत योजना अंतर्गत एलईडी वैन द्वारा चिलबिला श्रीराम स्वीट्स के सामने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित विभिन्न योजना यथा पीएम स्वानिधि निधि योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार अपडेशन, हेल्थ कैंप को शत प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए शासन की मनसारूप हरी प्रताप सिंह अध्यक्ष नगरपालिका, राम अचल कुरील अधिशासी अधिकारी, सभासद कमला, दीपक कुमार, सुनील दुबे, सभापति यादव, जे ई जल, संतोष कुमार सिंह सफाई निरीक्षक, लाल बहादुर, राजेश कुमार बिंद राजस्व निरीक्षक, अजीत सरोज, शशांक श्रीवास्तव, पीएम स्वानिधि निधि मित्र व विभिन्न लाभार्थी एवं जनमानस के साथ डिजिटल वैन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते डोर टू डोर योजनाओं को पहुंचाने का आश्वासन दिया व लाइव प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना गया।

# मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने किया रक्तदान

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज कैम्पस में मकर संक्रांति को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन प्रिंसिपल डा0 सलिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ, जिसमें एमबीबीएस के बीस छात्रों ने रक्तदान किया। करीब सौ ने रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर का उदघाटन मेडिकल कालेज के प्रोफेसर वद्दू सिदिक्की प्रोफेसर आकांक्षा सिंह ने फीता काट कर किया। संचालन ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर दीपिका केसरवानी ने किया। उन्होंने रक्तदानियों को सर्टिफिकेट वितरित किया।

# आलापुर में हुआ ब्यापार मंडल का गठन

## जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद केसरवानी ने सम्पन्न कराया

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर मे रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग ब्यापार प्रतिनिधि मंडल का गठन जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद केसरवानी की मौजूदगी मे सम्पन हुआ जिसमे परियावां ब्यापार मंडल के पदाधिकारियो के सहयोग का चुनाव कार्यक्रम सम्पन हुआ गठन मे अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार मैदान मे रहे जिसमे पूर्व अध्यक्ष शम्भू नाथ शुक्ला व गौरव शुक्ला तथा, जिसमें शम्भूनाथ शुक्ला को 124 मत प्राप्त हुए वही गौरव शुक्ल को 14 मत से ही संतोष करना पड़ा।

इस तरह 110 मतों से शम्भूनाथ शुक्ल को जिलाध्यक्ष ने विजयी घोषित किया। बाकी कार्यकारिणी का गठन करके सभी को अपनी शुभकामनाये दिया सभी ब्यापारियों की सर्वसम्मत से नयी कार्य कारिणी का गठन किया गया जिसमे संरक्षक के पद पर आदित्य उर्फ. मुनाई पांडे, फूल चन्द केसरवानी, विनीत कृष्ण तिवारी फारुक अहमद व संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष के पद पर अवनीश पांडे, रावेन्द्र पुष्पाकर अंकेश यादव, सुधीर शुक्ला दीपक साहू, कोषाध्यक्ष के पद पर शमीम अहमद, संगठन मंत्री के पद पर श्याम मूर्ति पांडे, राममूरत सोनकर, अतीस कुमार अग्रहरि, हलीमुद्दीन, कौशल कुमार अग्रहरि, सूचना एव जनसम्पर्क मंत्री विरुड़ कुमार श्रीवास्तव का नयी कार्यकारिणी मे चयन किया गया। जिलाध्यक्ष केसरवानी ने नई कार्यकारिणी कमेटी को अपनी शुभकामनाये देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति पर्व पर डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों की टीम ने जरूरतमंद छात्र छात्राओं को कंबल बांटा। उन्होंने बच्चों से शिक्षा पर जोर देने और एक काबिल इंसान बनने का आशीर्वाद दिया। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल परिसर में आयोजित कंबल वितरित का कार्यक्रम ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर आकांक्षा सिंह, डाक्टर प्रद्युमन की तरफ से आयोजित किया गया था। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोगी अश्विनि केसरवानी ने जरूरतमंद की मदद करने के लिए डाक्टरों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन टीचर शनि सरोज ने किया। इस मौके पर नंदन शिवम, प्रिया, सिमरन प्रजापति, प्रिंस, लवकुश, नितेश समेत ब्लड बैंक स्टाफ मौजूद था।



गायों को हरा चारा खिलाते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

# गायों को ठंड से बचाने के लिये लगाएं तिरपाल, जलाएं अलावः हरिप्रताप

## बराछा स्थित गोशाला में पहुंचकर गायों को पहनाया कोट, खिलाया चारा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति पर जगह-जगह जहां तिल का लड्डू, खिचड़ी खिलाने का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया, वहीं नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने बराछा स्थित नगर पालिका की गोशाला में जाकर गायों को ठंड से बचने के लिये जहां बोरे का कोट पहनाया।

इस दौरान उन्हें हरा चारा व गुड़ खिलाकर उनकी खुशहाली की कामना की, वहीं भीषण ठंड से बचाव के लिये गोशाला में रोज अलाव जलाने के निर्देश दिये। उन्होंने बफीर्ली हवाओं से बचाव के लिये तिरपाल लगाने की भी निर्देश जारी किये। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, अवर अभियंता जल सभाजीत यादव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# जापान विमान दुर्घटना से सबक

दुनिया भर में विमान यात्राएँ हर दिन बढ़ती जा रही हैं। विमान में यात्रा करते समय आपको आपातकाल के नियमों से परिचित भी कराया जाता है। परंतु जो भी हवाई यात्री अधिक यात्राएँ करते हैं वो विमान में दिये जाने वाले सुरक्षा व आपात नियमों को न तो ध्यान से पढ़ते हैं और न ही ऐसी जानकारियों को ध्यान से सुनते हैं। इसलिए जब भी कभी कोई हादसा होता है तो उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। परंतु कुछ दिन पहले हुए एक खतरनाक विमान हादसे में केवल 5 लोगों की मौत हुई जबकि 379 यात्रियों को आग के गोले में तब्दील हुए एक विमान से सुरक्षित निकाला गया। ऐसा केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि विमान के क्रू ने अपनी ट्रेनिंग में जो कुछ भी सीखा था, उस पर उस स्थिति में पूरी तरह से अमल किया। इसके साथ ही संयमित यात्रियों ने भी सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल्स के पालन करने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

गत 2 जनवरी को जापान एयरलाइंस के फ्लाइट 516 जैसी ही हनेदा एयरपोर्ट पर लैंड कर रही थी, उसकी टक्कर वहां खड़े कोस्ट गार्ड के विमान से हो गई। कुछ ही क्षणों में जापान एयरलाइंस का विमान में भयंकर आग लग गई। संयमित यात्रियों और विमान के क्रू की सूझबूझ के कारण उसमें सवार सभी की जान बच गई। जबकि कोस्ट गार्ड का विमान जो कि तुलनात्मक रूप से छोटा था, उस में सवार 6 में से 5 लोगों की मौत हो गई। जहां एक और हादसे की जाँच की जा रही है वहीं जापान एयरलाइंस के यात्रियों को जीवित निकालने की प्रशंसा दुनिया भर में हो रही है।

इंटरनेट पर इस हादसे के जितने भी वीडियो दिखाई दे रहे हैं उनमें से किसी भी वीडियो में एक भी यात्री को अपना सामान साथ लिए नहीं देखा गया। जरा सोचिए कि अगर उस दुर्घटनाग्रस्त विमान के यात्री अपनी-अपनी सीट के ऊपर रखे सामान को निकालने की कोशिश करते तो ये कितना खतरनाक हो सकता था? यदि यात्री ऐसा करते तो विमान से बाहर निकालने की प्रक्रिया भी धीमी हो जाती। गौरतलब है कि दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान एयरबस 350 की स्थिति ने भी इवैक्युएशन (आपात स्थिति में यात्रियों को निकालने की प्रक्रिया) को मुश्किल बना डाला। अन्य आपात लैंडिंग की तरह ये लैंडिंग वैसी नहीं थी।

वरिष्ठ पायलट कैप्टेन पी सिंह के अनुसार, विमान आग की लपटों से घिरा हुआ था। ऐसे में विमान के क्रू ने समझदारी का प्रदर्शन करते हुए केवल तीन आपातकालीन दरवाजे ही खोले। यदि अन्य आपातकालीन द्वार भी खोले जाते तो यात्रियों को आपात स्थिति में बाहर निकालने के लिए लगाए गए इन्फ्लेटेबल स्लाइड्स शायद ठीक से नहीं खुल पाते।

हवाई यात्रा करने वाले यदि आपातकाल परिस्थितियों में इवैक्युएशन की प्रक्रिया के बारे में सोच कर देखें तो उनके मन में भय और घबराहट आना स्वाभाविक है। जापान में जिस तरह से ये दो विमान आपस में टकरा कर आग में तब्दील हुए, हालात इससे कहीं अधिक बुरे हो सकते थे। वास्तविक स्थिति में ये सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है कि दुर्घटना या आपातकाल की स्थिति के समय यात्री नहीं घबराएंगे। इसलिए फ्लाइट 516 के यात्रियों ने बिना घबराए जो कर दिखाया, उससे सभी को सबक लेने की जरूरत है। ऐसा संभव इसलिए हुआ क्योंकि विमान के क्रू और उनके निर्देशों का पालन कर रहे यात्रियों के बीच सही समन्वय था। विमान के चालक दल के सभी सदस्यों को इवैक्युएशन और रेस्क्यू की कड़ी ट्रेनिंग से गुजरना पड़ता है।

कमर्शल फ्लाइट्स में तैनाती से पहले विमान के क्रू को हफ़्तों तक चलने वाली ऐसी ट्रेनिंग लेनी अनिवार्य है। इतना ही नहीं, नियमों के अनुसार उन्हें ऐसी ट्रेनिंग हर साल लेनी पड़ती है। इसके साथ ही विमान के क्रू को एक लिखित परीक्षा भी देनी पड़ती है। विमान हादसों की केस स्टडीज पर चर्चा भी होती है और अलग-अलग परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी कराई जाती है। इसमें कई तरह के हालात को समझाया जाता है। जैसे कि पानी पर आपात लैंडिंग कराने की हालत में क्या किया जाना चाहिए। यदि विमान में आग लग जाए, तब क्या करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि एविएशन के मापकों के तहत किसी भी यात्री विमान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता लेने के लिए, उसे बनाने वाली कंपनी को यह भी साबित करना पड़ता है कि जरूरत पड़ने पर विमान में सवार प्रत्येक व्यक्ति को विमान में लगे आधे आपातकालीन द्वारों का इस्तेमाल कर, मात्र 90 सेकेंड में सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। ऐसे में इवैक्युएशन टेस्ट के समय कभी-कभी असली यात्रियों का भी इस्तेमाल किया जाता है। 2024 की शुरुआत में जापान के हानेडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जो हुआ वह एक अच्छी ट्रेनिंग और जापानी यात्रियों के संयम और आपात स्थिति का सामना करने की गंभीरता के चलते ही संभव हुआ। यहाँ एक सवाल उठता है कि क्या ऐसे हादसों से दुनिया भर के अन्य यात्री, फिर वो चाहे हवाई यात्री हों या अन्य साधनों से यात्रा करने वाले, क्या कोई सबक लेंगे? क्या विमान, रेल, मेट्रो या बस में सफर करते समय सभी यात्री आपात सुरक्षा निर्देशों को गंभीरता से लेंगे और उनका पालन बिना घबराए करेंगे? कोई भी हादसा या दुर्घटना पूर्व नियोजित नहीं होते। इसलिए ऐसी अनहोनी का सामना करने के लिए यदि हम तैयार रहेंगे तो न सिर्फ हम अपनी जान बचा सकेंगे बल्कि औरों की जान बचाने में मददगार साबित होंगे।

# असम में कांग्रेस और एआईयूडीएफ सीट बंटवारे के लिए उत्सुक

**– आशीष विश्वास**

22 जनवरी को, मंदिर के उद्घाटन के दिन, हाल के दिनों के सबसे बड़े सामूहिक समारोहों में से एक के लिए, पूरे भारत में बड़ी संख्या में, मुख्य रूप से हिंदू भीड़, अयोध्या की ओर बढ़ रही होगी। समारोह के बाद भक्तों की बड़ी भीड़ वापसी यात्रा पर भी जायेगी। इस उत्सव की अवधि के दौरान, मुसलमानों और गैर-हिंदुओं के लिए सामान्य रूप से घूमने में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

पूरे भारत में अभी लोकसभा चुनाव से पहले प्रचार शुरू होना बाकी है, परन्तु असम में विभाजनकारी धार्मिक ध्रुवीकरण पहले ही अप्रत्याशित स्तर पर पहुंच गया है। प्रारंभ में राज्य के मुख्यमंत्री श्री हिमंतविस्वा शर्मा ने अपने सार्वजनिक भाषणों में आक्रामक रूप से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिंदुत्व एजेंडे की घोषणा करते हुए इसकी गति निर्धारित की। अब जबकि लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, असम में भाजपा के घोर विरोधी ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के लिए पासा पलटने का समय आ गया है। एआईयूडीएफ नेता सांसद बदरुद्दीन अजमल अपने भाषणों और सार्वजनिक अपीलों में आम तौर पर सांप्रदायिकता का आरोप लगाते समय अपने शब्दों को गलत नहीं ठहराते। इस बार, जबकि चुनाव की तारीखें अभी घोषित नहीं हुई हैं, अपने वफादारों के बड़े समूह के लिए उनके नवीनतम संदेश का महत्व राजनीति से कहीं आगे है। निचले असम के धुबरी से सांसद अजमल ने मुसलमानों को 20 जनवरी से 26 जनवरी तक जहां तक संभव हो घर पर रहने को कहा है। उन्हें आने वाले दिनों में सांप्रदायिक हिंसा के एक बड़े प्रकोप की आशंका है, क्योंकि भारत सरकार औपचारिक रूप से अपने बहुप्रचारित कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ रही है तथा उत्तरप्रदेश के अयोध्या में लंबे समय से प्रतीक्षित राम मंदिर का उद्घाटन कर रही है। उनका तर्क है कि 22 जनवरी को, मंदिर के उद्घाटन के दिन, हाल के दिनों के सबसे बड़े सामूहिक समारोहों में से एक के लिए, पूरे भारत में बड़ी संख्या में, मुख्य रूप से हिंदू भीड़, अयोध्या की ओर बढ़ रही होगी। समारोह के बाद भक्तों की बड़ी भीड़ वापसी यात्रा पर भी जायेगी। इस उत्सव की अवधि के दौरान, मुसलमानों और गैर-हिंदुओं के लिए सामान्य रूप से घूमने में सुरक्षा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं इसलिए सांप्रदायिक शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए मुसलमानों को कुछ दिनों के लिए घर पर रहना उचित होगा। वास्तविक रूप से, श्री अजमल वास्तव में मुसलमानों से राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का पूरी तरह से बहिष्कार करने की अपील कर रहे हैं, जो चतुराई से राज्य में सांप्रदायिक हिंसा के एक और बड़े पैमाने पर फैलने की आशंका को प्रस्तुत कर रहे हैं।

# भारत-यूएई के परवान चढ़ते रिश्ते

**अरविंद जयतिलक**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की ह्यवाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिटह्न में सहभागिता और विकास में सहयोग का संकल्प रेखांकित करता है कि दोनों देश आपसी रिश्ते को धार देने को तैयार हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों में घनिष्ठता, उत्साह और विश्वास का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति नाह्यान ने अपने एक्स पर कहा कि ह्यदोनों देशों की साझेदारी में लगातार विस्तार हो रहा हैह्न गौर करें तो दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करेंगे जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजैक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल करेंगे। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। तब प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात से प्रगाढ़ होते संबंध और शहजादे शेख से भाई जैसा मिलने वाले प्यार को निरुपित करते हुए कहा कहा था कि भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रुप में देखता है। प्रधानमंवत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध है कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यऑर्डर ऑफ जायदह्न से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए ह्यअपने दूसरे घरह्न आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। गौर करें तो दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदू रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलूओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नए क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरुरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। अरसे से भारत अपनी संस्थाओं में संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा कार्मिकों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है और भारत भी संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित रक्षा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। याद होगा गत वर्ष पहले संयुक्त अरब अमीरात के प्रदर्शनी निगम द्वारा



आयोजित किए गए सर्व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिरक्षा प्रदर्शनी में भारत ने शिरकत की थी। इसी तरह फरवरी 2007 में बंगलौर में आयोजित किए गए ह्यएयरो इंडिया शोह्न में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने अधिकारियों को भेजा था। जून 2003 में द्विपक्षीय प्रतिरक्षा आदान-प्रदान के लिए संयुक्त प्रतिरक्षा सहयोग समिति यानी ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के गठन के लिए एक मसौदे पर हस्ताक्षर भी किए गए। भारतीय नौसेना के पोतों ने संयुक्त अरब अमीरात की अनके सदभावना यात्राएं की। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आयी। इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वर्ष 2008 में बतौर विदेश मंत्री प्रणव मुखर्जी ने संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा की और उसी वर्ष संयुक्त अरब अमीरात के विदेशी व्यापार मंत्री शेख लुबना अल कासिमी ने भी भारत की यात्रा की। फिक्की ने उन्हें वर्ष की सर्वश्रेष्ठ सफल महिला के खिताब से नवाजकर दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक पहलुओं को मजबूती दी। दोनों देशों ने एकदूसरे के हितों को ध्यान में रख ढेरों समझौते किए जो अब फलदायी साबित हो रहे हैं। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रुप दे सकते हैं। चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं और मस्तिष्क पर खतरनाक असर डालने वाले तत्वों की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दूरदर्शन के ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन महानिदेशालय अर्थात प्रसार भारती तथा अमीरात केबल टीवी मल्टीमीडिया एलएलसी के बीच चैनल प्रबंधन समझौते को सन 2000 में आकार दिया गया। इस समझौते के अनुसार दूरदर्शन संयुक्त अरब अमीरात में डाउन लिंकिंग तथा वितरण कर सकता है। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। इतिहास से जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रुप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात से ही 15 अरब डॉलर भारत आता है। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारों के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। साथ ही वह कच्चे तेल का तीसरा और एलएनजी-एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा स्त्रोत है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84 अरब डॉलर है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

# राहुल गांधी की नई यात्रा से जुड़ी उम्मीदें

कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी अपने एवं कांग्रेस के राजनीतिक धरातल को मजबूती देने के लिये एक बार फिर यात्रा का सहारा ले रहे हैं। 4000 किलोमीटर की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्न के बाद अब वे 6700 किलोमीटर की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न पर निकल चुके हैं। न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेंगे, यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात से गुजरते महाराष्ट्र में मुंबई पर समाप्त होगी। कांग्रेस को जीवंतता देने एवं उसके पुनरुत्थान के लिए की जाने वाली इस यात्रा में इंडिया गठबंधन दलों एवं खुद कांग्रेस के कार्यकताओं से भीड़ जुटाने और नारे लगाने भर के लिए भागीदारी की अपेक्षा राजनीतिक संवेदनशीलता और परिपक्वता की परिचायक नहीं है। मात्र 2024 के आमचुनाव के लिये निकाली गयी यह यात्रा संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों से लिपटी है, जिसके दूरगामी परिणाम मिलना मुश्किल प्रतीत होता है। वैसे ऐसी यात्राओं से बहुत कुछ हासिल हो सकता है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछली यात्रा से न तो राहुल गांधी का कोई भला हुआ और न ही कांग्रेस का। यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने में नाकाम रही। प्रश्न है कि इस बार ऐसा क्या अनोखा होने की आशा की जा सकती है?

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क एवं सशक्त जनाधार जुटाने का प्रभावी माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में राहुल गांधी की यह राजनीतिक यात्रा नये राजनीतिक स्तस्तिक उकेरने में कितनी सफल होगी, यह भविष्य के गर्भ में हैं। मणिपुर से शुरू होने जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी की पिछली यात्रा का विस्तार ही है। अपने राजनीतिक कद को बढ़ाने के संकीर्ण एवं सीमित दायरों के कारण यात्रा का कोई चमत्कारी परिणाम मिलने में संदेह ही है। यात्राओं के जरिये राजनीतिक लाभ हासिल करने में कोई हर्ज नहीं लेकिन यदि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कांग्रेस की है तो फिर उसका नेतृत्व सांसद राहुल गांधी के स्थान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या यह एक तरह से परिवारवाद को नए सिरे से पोषण प्रदान करने के साथ इस बात को रेखांकित करने का प्रयास नहीं कि मल्लिकार्जुन खरगे बस नाम के अध्यक्ष हैं? कांग्रेस की दिक्कत यह है कि उसके पास ऐसा कोई चमत्कारिक नेतृत्व नहीं रह गया है जिसके पीछे तमाम पार्टियाँ चुनावी वैतरणी पार कर जाएँ, या जिसकी एक आवाज पर सभी राजनीतिक दल साथ आ जाएँ। बिना राजनीतिक लाभ के विपक्षी दल कितना इस यात्रा में सहभागिता करेंगे, यह भी एक प्रश्न है।

ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न निकलने से पूर्व एवं निकलते ही कांग्रेस को बड़े झटके लग गये हैं। पहले महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया और अब असम में अपूर्ब भट्टाचार्य ने कांग्रेस के सचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में बिखराव एवं टूटन की स्थितियां सीटों के प्रश्न पर बनी हुई हैं। संयोजक पद की पेशकश नीतीश कुमार ने ठुकरा दी, जेडीयू का यह कदम भी एक टूटन का ही प्रतीक है। भले ही मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया का अध्यक्ष बनाकर इस टूटन को ढंकने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बने मतभेद छुप नहीं पा रहे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि यात्रा से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए। जाहिर है, सहयोगी दलों के मन में कही न कहीं यह भाव भी है कि यात्रा के जरिए अगर देश का माहौल कांग्रेस या राहुल गांधी के पक्ष में बना तो उसका लाभ विपक्षी दलों को कैसे मिलेगा? जाहिर है इंडिया गठबंधन के दल कांग्रेस की चालाकी एवं चतुरता को महसूस कर रहे हैं। सत्ता पक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कोई कमजोरी फिलहाल तो विपक्ष एवं कांग्रेस के पास नहीं है जिसे पकड़ कर इस यात्रा में हल्ला मचाया जाए, जनाधार बटोरा जाये। उल्टे अयोध्या और श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सत्ता पक्ष मजबूत होता जा रहा है और इसके निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने पांवों पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है। यदि कांग्रेस या विपक्षी दल इस समारोह में भाग लेते तो उन पर लगा श्रीराम-विरोध एवं हिन्दू-विरोध का तगमा नहीं लगता, भाजपा का जनाधार का विस्तार भी निश्चित ही कुछ कम होता। राजनीति तो ऐसे अवसरों को पकड़ लेने का ही खेल है।

परिवार एवं व्यक्तिवादी सोच कांग्रेस की विडम्बना एवं विसंगति है। वास्तव में कांग्रेस में वही होना है, जो राहुल गांधी चाहेंगे। यह स्वाभाविक है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इसमें वह कितना कामयाब होते हैं, यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि उनकी ओर से किन मुद्दों को उभारा जाता है और उन पर क्या कहा जाता है? यह तो तय है कि राहुल गांधी भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखेंगे, लेकिन ऐसा करते हुए वह यदि जनता का ध्यान आकर्षित करने के साथ कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर पाते तो बात बनने की बजाय बिगड सकती है। राहुल गांधी की समस्या यह है कि वह मोदी सरकार की आलोचना तो खूब करते हैं, लेकिन देश के समक्ष उपस्थित समस्याओं के समाधान का कोई प्रभावी तरीका नहीं बता पाते। राहुल गांधी देश को क्या जोड़ेंगे जब उनका इंडिया गठबंधन ही एकजुट नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस नेता मानें या न मानें भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता की सबसे बड़ी कसौटी विपक्ष की एकजुटता एवं चुनावी प्रदर्शन को ही माना जाएगा। इस लिहाज से न्याय यात्रा के साथ ही कांग्रेस को इंडिया गठबंधन के मोर्चे पर भी तेजी से अपने राजनीतिक कौशल को आगे बढ़ना होगा। सीटों के बंटवारे के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम भी जितनी जल्दी निपटाया जाएगा, मतदाताओं को अपनी एकजुटता का यकीन दिलाने में उतनी आसानी होगी। ऐसा हो गया तो इस यात्रा की सबसे बड़ी सफलता होगी। कांग्रेस भले ही न्याय यात्रा को उद्देश्य देश में फासीवादी ताकतों को रोकने, लोकतंत्र, संविधान को बचाने और भावी पीढियों के जीवन और कैरियर के निर्माण के लिए बता रही है। यात्रा लोगों के लिए न्याय की मांग, रोजगार की कमी, बढ़ती कीमतों, अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई, सरकारी कंपनियों को बंद करने और बेचने के खिलाफ है। वहीं किसानों को उचित मूल्य दिलाने तो महिला पहलवानों और अन्य लोगों को न्याय दिलाने के लिए है। मणिपुर की हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री के उदासीन और असंवेदनशील होने की बात उठाते हुए कांग्रेस भूल रही है कि ये ऐसे मुद्दें हैं जिन पर मोदी सरकार ने ही सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध एवं राष्ट्रीय ज्वलंत मुद्दों को उठाने के नाम पर देश के विरोध पर उतर जाते हैं। राहुल गांधी इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें शासन संचालन, राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। राहुल गांधी के लिये सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना आवश्यक है और अपनी इस यात्रा में वे इस तरह का विवेक एवं समझदारी प्रदर्शित कर पाये तो इससे कुछ हासिल हो सकता है। :

**(ललित गर्ग)**

# गुरु गोविन्द सिंह हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं

**-ललित गर्ग-**

भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज को नए सिरे से संगठित एवं सशक्त करने वाले एक महापुरुष हैं गुरु गोविन्द सिंह। उनकी महान् तपस्वी, महान् कवि, महान् योद्धा, महान् संत सिपाही साहिब आदि स्वरूपों में पहचान होती है। वे सिर्फ सिखों के नहीं संपूर्ण भारतीय समाज के आस्था के केंद्र हैं, उनके जीवन से हमें राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी धर्म की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन पंच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा पंथ की स्थापना की और खुद भी उनके हाथ से अमृत पान किया। उन्होंने खालसा पंथ के अनुयायियों को पंच ककार केश, कड़ा, कंघा, कृपाण, कच्छा धारण करने का निर्देश दिया। ये शौर्य, शुचिता तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के संकल्प के प्रतीक हैं। श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उनका पावन स्मरण नयी ऊर्जा का द्योतक हैं।

गुरु गोबिंद सिंह का व्यक्तित्व अलौकिक, साहसी एवं भारतीयता से ओतप्रोत था। उन्होंने आनंदपुर का सुख, माता पिता की छांव और बच्चों का मोह छोड़कर धर्म रक्षा का मार्ग चुना। उन्होंने दमन, अन्याय, अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गुरु तेग बहादुर के बलिदान के बाद 11 नवंबर 1675 को नौ साल की उम्र में गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें गुरु बने। ये कई भाषाओं के जानकार थे, उन्होंने दशम ग्रंथ समेत कई ग्रंथों की भी रचना की थी। उन्होंने लोगों को सीख दी कि युद्ध सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते, बल्कि हौसले और इच्छाशक्ति से जीते जाते हैं। उनके अनुसार जो उसूलों के लिए लड़ता है, वो धर्म योद्धा होता है।

दुनिया में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीढ़ियों, बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महापुरुष गुरु गोविन्द सिंहजी ही है। जिन्होंने त्याग, बलिदान एवं कर्तृत्ववाद का संदेश दिया। भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित की। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। सभ्यता और संस्कृति के प्रतीकपुरुष के रूप में जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। जिनको बहुत ही श्रद्धा व प्यार से कलगीयां, सरबंस दानी, नीले वाला, बाला प्रीतम, दशमेश पिता आदि नामों से पुकारा जाता है। भारत में फैली दहशत, डर और जनता का हारा हुआ मनोबल देखकर उन्होंने कहा ह्यह्यमैं एक ऐसे पंथ का सृजन करूँगा जो सारे विश्व में विलक्षण होगा। जिससे मेरे शिष्य संसार के असंख्य लोगों में पहली ही नजर में पहचाने जा सकेंगे। जैसे हिरनों के झुंड में शेर और बगुलों के झुंड में हंस। वह केवल बाहर से अलग न दिखे बल्कि आंतरिक रूप में भी ऊँचे, साहसी और सच्चे विचारों वाले हो। सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला। बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में गुरु पद पर आसीन होकर उन्होंने गुरु पद को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से और भी गौरवान्वित किया। अपने नाम के तीनों शब्द ह्यगुरुह्न, ह्यगोविन्दह्न एवं ह्यसिंहह्न को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, संस्कृति, इतिहास एवं स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भण्डार के रूप में एक श्रेष्ठ गुरु, ईश्वर की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविन्द सिंहजी यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के विवश समस्त हिन्दू समाज इस्लाम धर्म स्वीकार कर अपनी संस्कृति, स्वधर्म, स्वराज एवं स्वाभिमान को सदा के लिये तिलांजलि दे चुका होता।

श्री गुरु गोविन्द सिंहजी शासक होकर भी उनकी नजर में सत्ता से ऊंचा स्वराष्ट्र, स्व-अस्तित्व, समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। यूं लगता है वे हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा बन कर आए थे। उनका अथ से इति तक का पुरा सफर हिन्दू धर्म की रक्षा, पुरुषार्थ एवं शौर्य की प्रेरणा है। वे सम्राट भी थे और संन्यासी भी। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कर्तृत्व सिख इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उन्हें हम तमस से ज्योति की ओर एक यात्रा एवं मानवता के अभ्युदय के सूर्योदय के रूप में देखते हैं।

# श्रीराम चरण पादुका यात्रा रथ का हुआ फूलों की वर्षा से स्वागत



यात्रा का स्वागत करते व मौजूद अधिकारीगण।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रीराम चरण पादुका रथ यात्रा भरतकूप से चलकर खोही तिराहा पहुंची। यहां सांसद आरके सिंह पटेल, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता समेत तमाम भाजपा नेताओं ने भरतकूप व मन्दाकिनी नदी के जल से पादुका का पूजन कर हरीझंडी दिखाकर आगे की यात्रा को रवाना किया।

### मंडल स्तरीय अधिकारी समेत मौजूद रहे भाजपा नेता

सोमवार को इस रथ यात्रा के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने पुष्प वर्षा की। संतों-महंतों व साधुओं ने चरण पादुका की पूजा कर पुष्प वर्षा की। चरण पादुका रथ भरतकूप से चलकर खोही तिराहा होते हुए बरहा हनुमान मन्दिर होते हुए पर्यटक तिराहा से राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर पहुंची। मकर संक्रान्ति पर्व पर चरण पादुका रथ यात्रा गाजे-बाजे के साथ वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ बाबा सत्यनारायण मौर्य की अगुवाई में शुरू हुई। गली-गली में रथ यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा हुई। इस बीच श्रीराम के जयकारों से धर्मनगरी गूंज उठी। पादुका यात्रा निमोर्ही अखाडा, पुरानी लंका, कामदनाथ, खोही पहुंची थी। ये यात्रा सोमवार को रामायण मेला परिसर में ठहरेगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

इस मौके पर डीआईजी अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने व श्रद्धालुओं से विनम्र बर्ताव करने को निर्देश दिये। इस दौरान एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व पीआरओ प्रदीप पाल समेत भाजपा नेता पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, वार्ड मेम्बर खोही, अरुण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न पडावों से होकर 19 को पहुंचेगी अयोध्या

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सोमवार को श्रीराम चरण पादुका यात्रा भरतकूप से निकली। शहर होते हुए विभिन्न जिलों के रास्ते अयोध्या जायेगी। भव्य रथ में विभिन्न स्थानों से लाई चरण पादुकायें व चरण चिन्ह अयोध्या जायेंगे। भगवान श्रीराम के प्रति आस्था रखने वाले भक्तों ने थाईलैंड, श्रीलंका, नेपाल व अन्य प्रांतों से डेरा डाल दिया है। यात्रा के प्रति लोगों में खासा उत्साह है। सुरक्षा व्यवस्था को पुलिस बल मौजूद है। चरण पादुका यात्रा में लोक नृत्य दल में राई, ढेंढिया समेत 15-15 कलाकार शामिल हैं। चित्रकूट से अयोध्या तक पडाव में कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। मुख्य कार्यक्रम मकर संक्रान्ति में रामायण मेला परिसर में हुआ।

भजन गायिका तृप्ति शाक्य समेत बाबा सत्यनारायण मौर्य प्रस्तुति देंगे। यात्रा में शामिल लोगों के ठहरने-भोजन की व्यवस्था राही पर्यटक आवास गृह, रामायण मेला परिसर में की गई है। भगवान श्रीराम के चरण चिन्ह भी यात्रा में शामिल हैं, जो अयोध्या से आये हैं। चरण पादुका यात्रा का पहला ठहराव खोही तिराहा, कामदगिरि प्रवेश द्वार बरहा हनुमान मन्दिर, रामघाट, यूपीटी चैराहा, रामायण मेला परिसर हैं। यात्रा में चलने वाले श्रद्धालुओं का प्रवास होगा। 16 जनवरी को छठवां ठहराव पुरानी कोतवाली कर्वी परिसर, सातवां पहाडी कस्बा, आठवां गोस्वामी तुलसीदास चैक राजापुर, नौवां ठहराव तुलसी चैक राजापुर में यमुना नदी का पवित्र जल से स्वागत व पूजन-आरती के बाद यात्रा कौशाम्बी जिले में प्रवेश करेगी। यहां से प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ, सुल्तानपुर, नन्दीग्राम होते हुए 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। प्रशासन ने चरण पादुका यात्रा को सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये हैं।



सती अनुसुइया में दीपोत्सव मनाते लोग।

# रामलला मंदिर: सती अनुसुइया में दीपोत्सव

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्मनगरी में 22 जगहों पर चल रहे दीपदान, कीर्तन के तहत सती अनुसुइया मंदिर व स्फटिक शिला में दीपदान व कीर्तन के बीच जय श्रीराम के जयकारे लगाये।

सोमवार को मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर व बुंदेली सेना के मठ-मंदिरों मे 22 जनवरी को दीवाली मनाने की अपील की जा रही है। सती अनुसुइया ने माता सीता को दिव्य वस्त्र दिए थे, जो प्रत्येक सुबह नए हो जाते थे। स्फटिक शिला में माता सीता का प्रभु श्रृंगार करते थे। यहीं पर इंद्र के पुत्र जयंत को प्रभु ने सजा दी थी। प्रभु श्रीराम से जुड़े 22 स्थानों पर 22 जनवरी तक रोज पूजन, कीर्तन, दीपोत्सव मनाने का अभियान जारी है। मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास ने बताया कि जीवन को धन्य बनाने का स्वर्णिम समय 22 जनवरी को है।

बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि चित्रकूट सब दिन बसत, प्रभु सिय लखन समेत- यहां के कण-कण प्रभु की कृपा से अभिसिंचित है। ऐसे में 22 जनवरी को यादगार बनाने की जरूरत है। प्रत्येक हिंदू राजनीति से ऊपर उठकर घरों में 22 को दीवाली मनाये। इस मौके पर पुनीत तिवारी, रोहित कुमार, पुष्पराज विश्वकर्मा, युवा व्यापार मंडल के महामंत्री अंकित पहारिया, कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह, प्रदीप द्विवेदी, रामजी शुक्ला, अखिलेश त्रिपाठी, जगरूप पाठक आदि भक्तजन मौजूद रहे।

# संविधान बचाने को जारी रहेगा कांग्रेस का संघर्ष

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में चलकर 15 राज्यों से गुजरेगी। इसी क्रम में उप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में मशाल जुलूस न्याय यात्रा कांग्रेस कार्यालय से निकालकर शहीद स्मारक में समाप्त हुई।



मशाल जुलूस निकालते कांग्रेसी।

रविवार को देर शाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने यात्रा की अगुवाई करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र बचाने को महंगाई, बेरोजगारी, संविधान की रक्षा को नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो ने न्याय यात्रा मणिपुर से निकालकर मुंबई महाराष्ट्र में समाप्त होगी। उनके समर्थन में जिला कांग्रेस ने सांकेतिक मशाल जुलूस न्याय यात्रा निकाली। महंगाई, बेरोजगारी, लोकतंत्र की रक्षा को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

इस मौके पर पीसीसी सदस्य रजंना बराती लाल पांडे, यमुना शुक्ला, विजयमणि त्रिपाठी, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, अजीत शुक्ला, भोला नामदेव, चुनबाद प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, जगजाहिर पटेल, विनोद सिंह, प्रदीप सिंह, अगनू, दिनेश सिंह, हरिओम पांडे आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर किया खिचड़ी दान

### मकरसंक्रान्ति पर जुटे लाखो श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मकरसंक्रान्ति पर्व पर लाखचं श्रद्धालुओ ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाकर खिचड़ी व तिल का दान किया। श्रद्धालुओ ने कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। धूप न निकलने से शीतलहर से श्रद्धालु कांपते रहे। प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये पहाड़ी व भरतकूप क्षेत्र में लगे पांच दिवसीय मेले का लोगों ने लुत्फ उठाया।

सोमवार को शीतलहर के बीच मकरसंक्रान्ति पर्व पर मन्दाकिनी में डुबकी लगाने लाखों श्रद्धालु पहुंचे।



भरतकूप मेले का लुत्फ लेते श्रद्धालु।

पुरहितो के अनुसार मकरसंक्रान्ति पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। तीर्थस्थल में मकरसंक्रान्ति पर्व धूमधाम से मना। शहर के पुलघाट व मन्दाकिनी रामघाट में लाखों लोगों ने डुबकी लगाकर चावल व मूंग की दाल मिलाकर खिचड़ी दान किया। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने कामदगिरि की परिक्रमा की। घाट किनारे लगी दुकानों में बच्चों ने जमकर खरीद्दारी की।

हनुमानधारा, भरतमिलाप, गुप्त गच्दावरी, स्फटिक शिला, सूरजकुण्ड, बाल्मीकि आश्रम पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर गरीबों को खिचड़ी दान दी। भरतकूप के ऐतिहासिक कुयें के जल से स्नान करने के देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जमा रहें। मान्यता है कि भरतजी ने भगवान राम के राज्याभिषेक के लाये गये सभी तीर्थों का जल इसी कुयें में डाला था। इससे कुयें के पानी से स्नान करना पुण्यकारी माना जाता है।

बताते हैं कि मकरसंक्रान्ति पर तिल का विशेष महत्व है। तिल के उबटन से नहाने, दीन-दुखियों को तिल का लड्डू दान करने से पुण्य प्राप्त होता है। तिल की आहुति देकर तिल को खाने से व्यक्ति साल भर स्वस्थ्य व प्रसन्न तथा पापरहित रहता है। मऊ व राजापुर कस्बे के तुलसी घाट पर हजारों महिला-पुरुषो ने यमुना में स्नान कर दान दिया। आसपास सैकड़ों दुकानें सजी रहीं। सांईपुर गांव में हिन्दू-मुस्लिम आस्था के प्रसिद्ध सूफी सन्त सांईबाबा का मेला शुरू हुआ। मेले में हजारों लोगों ने मन्नतें मांगी। भरतकूप में लगे मेले में लोगों ने झूला-झूलकर तथा गन्नों की खरीद्दारी कर मेला का लुत्फ उठाया।

# वह दिन दूर नहीं बसपा के हाथों में होगी सत्ता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बहुजन समाज पार्टी ने पुरानी कोतवाली मैदान में बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 68वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस मौके पर केक काटकर मायावती के शासनकाल की उपलब्धियों से भरे गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।




बसपा मुखिया मायावती का 68वां जन्मदिन मनाते बसपाई।

सोमवार को बसपा मुखिया मायावती के जन्मदिन पर बतौर मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार, मुख्य सेक्टर प्रभारी बुंदेलखंड/विशिष्ट अतिथि कौशलेंद्र कुमार वर्मा एड रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एड ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि बसपा मुखिया मायावती सशक्त शासक की भांति उप्र को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का काम किया था। गरीब, मजदूर, पिछड़े समाज को मुख्य धारा में जोड़ने को तमाम जनकल्याणकारी योजनायें लागू की थी, मौजूदा सरकार सिर्फ दिखावा कर रही है। दलित-पिछड़ा समाज उपेक्षित व उत्पीड़ित है। जनता फिर से मायावती की सरकार को याद कर रही है। आगामी समय में बसपा का राज होगा। विशिष्ट अतिथि ने बसपा के लोगों से एकजुट होने का आवाहन किया। सचेत किया कि अन्य राजनीतिक दल बहुजन कार्यकताओं को तोड़ने का काम कर रहे हैं। चिकनी-चुपडी बातों में नहीं आना। बसपा के साथ मजबूती से काम करके मायावती को देश व प्रदेश की सत्ता में फिर से पहुंचाने का काम करना है। जिलाध्यक्ष शिवबाबू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। बसपा मुखिया मायावती का 68वां जन्मदिन पूरे देश में मनाया जा रहा है, सब लोग बहन जी के हाथों को मजबूत करने को चट्टान की भांति एकजुट होना है। किसी के बहकावे व लालच में नहीं आना है, वह दिन दूर नहीं, जब उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की सत्ता बसपा के हाथों में होगी।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य शिवऔतार त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य उमाकांत त्रिपाठी, अनिल कुमार कोल, प्रमोद कुमार वर्मा, जिला प्रभारी शिवबरन वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, शारदा प्रसाद वर्मा, अरुण पाल, राजेश रैकवार, सुखराज प्रजापति, मेहरबान प्रताप, धानी निषाद, कुशल सिंह पटेल, सिद्धार्थ त्रिपाठी, सहादेव कुशवाहा, बद्री पटेल, रामदास श्रीवास, सीएल प्रजापति, राजकमल वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, लाल सिंह दुबारी, लक्ष्मी निषाद, रामजी, श्यामलाल रैकवार, राजू अनुपम, संजय गौतम, बबलू वर्मा, रामविशाल वर्मा, रामा देवी आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर अभद्रता का प्रदर्शन करने वालों पर हो कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर यादव की अगुवाई में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय को दी तहरीर में कहा कि सोशल मीडिया पर जाति विशेष के असमाजिक तत्वों ने यादव व ब्राम्हण समाज को खुलेआम गाली-गलौज कर जातीय उन्माद फैलाने का काम किया है। इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये।

सोमवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर यादव की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने कर्वी कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि यादव समाज लगातार सामाजिक



कर्वी कोतवाल को तहरीर देते यादव समाज के लोग।

समरसता के कार्य कर रहा है। 13 जनवरी को सोशल मीडिया में कुछ लोगों ने अपने साथियों के साथ यादव समाज व ब्राम्हण समाज को खुलेआम गाली-गलौज कर अपशब्दों का प्रयोग किया है। इससे यादव व ब्राम्हण समाज में भारी आक्रोश है। इस मामले को संज्ञान में लेकर कानूनी कार्यवाही की जाये।

प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार यादव, यशवंत यादव, कुलदीप यादव, संजय, राममिलन, शिवपूजन, लवलेश, अमित, केशव, शिवमोहन, सुशील, महेश, जयसिंह, रामेन्द्र, प्रमोद व अरविन्द यादव शामिल रहे।

# प्रयागराज ने बांदा को सात विकेट से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रयागराज व बांदा के बीच हुआ। बांदा ने पहले बल्लेबाजी कर 25 ओवर में नौ विकेट खोकर 147 रन बनाकर 148 का लक्ष्य दिया।

सोमवार को बांदा के सतनाम ने 42 गेंद में 31 रन, मोहित ने दस गेंद में 21 रन बनाये। प्रयागराज के ध्रुव ने पांच ओवर 47 रन देकर एक विकेट, उदय ने पांच ओवर में 36 रन देकर चार विकेट लिये। लक्ष्य पाने को प्रयागराज ने तीन विकेट खोकर 12.5 ओवर में लक्ष्य पा लिया। प्रयागराज के शिवाकांत ने 20 गेंद में 40 रन, अनुज ने 26 गेंद में 43 रन की पारी खेली। बांदा के राहुल ने तीन ओवर में 28 रन देकर एक विकेट, अनुज ने तीन ओवर में 28 रन देकर एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच उदय प्रताप रहे। प्रयागराज ने मुकाबले को सात विकेट से जीत लिया।



खिलाडियों से परिचय लेते नगर पालिका चेयरमैन।

मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, विशिष्ट अतिथि कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी रहे। अंपायर प्रेम नारायण, हैदर जहान, स्कोरर विजय, सौरभ नाहर, समसुद्दीन, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## राजकीय सम्प्रेषण गृह में मना सेना दिवस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजकीय सम्प्रेषण गृह किशोर में सेना दिवस पर 76वां सेना दिवस मनाया। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने सरस्वती चित्र पर दीप जलाकर शुभारंभ किया। सोमवार को सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने संवासियों से कहा कि 15 जनवरी 1949 को फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा ने जनरल फ्रांचिज बुढार से भारतीय सेवा की कमान ली थी। करिअप्पा आजाद भारत के पहले कमांडर इन चीफ थे। सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार लेने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष सेना दिवस मनाया जाता है। विभिन्न संवासियों ने देशभक्ति के वक्तव्य व गीत पेश किये। अंत में योगाचार्य संजय कुमार ने कहा कि इस बार सेना दिवस की थीम राष्ट्र की सेवा में है, इस बार सेना दिवस का आयोजन सूर्य खेल परिसर लखनऊ में होना है। इस मौके पर मानवेन्द्र मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## चित्रकूट के पहले एआरएम बने ललित त्रिवेदी

**चित्रकूट।** परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने चित्रकूट जिले के लोगों को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सौगात दी है। सोमवार को परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने परिवहन निगम के अध्यक्ष के निर्देश पर यातायात अधीक्षक ललित कुमार त्रिवेदी को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक चित्रकूट में तैनात किया है। चित्रकूट डिगो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ललित कुमार त्रिवेदी को निहित कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वे इस समय बांदा में तैनात हैं, उन्हें चित्रकूट का भी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बनाया है।

# बरुआ बांध: जलशक्ति मंत्री ने दिया गोलमोल जवाब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान के विधानसभा में रसिन बांध से बरुआ बांध तक लिंक नहर निर्माण को उठाये प्रश्न पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जवाब दिया है कि बानगंगा नदी में जल की उपलब्धता होने तथा परियोजना की भौतिक रिपोर्ट पर अध्ययन बाद कार्यवाही होगी।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने रसिन बांध से बरुआ बांध तक लिंक नहर निर्माण को विधानसभा में प्रश्न उठाया था, ताकि किसानों को पर्याप्त पानी खेतों की सिंचाई को मिल सके। इस प्रश्न के जवाब में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि तीस नवम्बर 2023 का संदर्भ ग्रहण करें। मामले में प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अख्यानुसार चित्रकूट में बानगंगा नदी से बरुआ बांध में पानी पहुंचाने को परियोजना गठित है।

उन्होंने कहा कि गठित परियोजना में मुख्य अभियंताओं की तकनीकी समिति की गठन में बानगंगा नदी में जल की उपलब्धता व भौतिक रिपोर्ट मिलने पर अध्ययन बाद कार्यवाही की जायेगी।

## दो के कब्जे से 53 क्वार्टर शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 53 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। सोमवार को मऊ थाने के दरोगा विनय विक्रम सिंह ने सिपाही संदीप कुमार के साथ सोनू सिंह पुत्र रामकृपाल निवासी पोखरी के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने सिपाही शरद कुमार के साथ रामभरोसा पुत्र शंभू प्रसाद निवासी उड़की का पुरवा मजरा चैरा के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# अमेरिकी स्वामित्व वाला मालवाहक जहाज मिसाइल की चपेट में आया : ब्रितानी सुरक्षा कंपनी



**लंदन।** ब्रितानी मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सुरक्षा फर्म एंब्रे ने सोमवार को कहा कि यमन के दक्षिणी तट पर मिसाइल से मारा गया जहाज अमेरिका के स्वामित्व वाला मालवाहक जहाज था।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एंब्रे ने कहा कि हमले ने यमन में हूती सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी सैन्य हमलों के जवाब में अमेरिकी हितों को निशाना बनाया।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और अमेरिकी स्वामित्व वाले थोक वाहक में आग लग गई, लेकिन यह समुद्र में चलने लायक है और कोई हताहत नहीं हुआ है।

इसमें कहा गया है कि जहाज के इजरायल से संबद्ध नहीं होने का आकलन किया गया है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा फर्म ने कहा कि पहले एक जहाज के मालिक ने बताया था कि यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास उस पर "ऊपर से एक मिसाइल से हमला किया गया था"।द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अदन की खाड़ी से गुजरने वाले एक जहाज पर ताजा हमले की जांच यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) द्वारा की जा रही है।

इसने एक्स पर पोस्ट किया कि उसे यमन के अदन से 95 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में एक "घटना" की रिपोर्ट मिली है।

द गार्जियन ने बताया, ह्लमास्टर ने जहाज के बंदरगाह की तरफ ऊपर से मिसाइल से हमला होने की रिपोर्ट दी है। अधिकारी जांच कर रहे हैं।"

# सिंगापुर में बस में आग लगने से एक भारतीय लड़की की मौत



**सिंगापुर।** सिंगापुर से कुआलालंपुर जा रही एक बस की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई और उसमें आग लग गई। इस घटना में 17 साल की एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, 13 जनवरी को लगभग 3.50 बजे 28 यात्रियों के साथ बस उत्तर-दक्षिण एक्सप्रेसवे पर यात्रा कर रही थी।

अलोर गाजा जिला पुलिस प्रमुख अधीक्षक अरशद अबू ने कहा कि भारतीय लड़की इस हादसे में जल गई और इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने कहा कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मेलाका अस्पताल भेज दिया गया है।

तीन घायल यात्री, जो बस की पिछली सीट पर थे और जल गए थे, उन्हें इलाज के लिए अलोर गाजा अस्पताल ले जाया गया। पुलिस प्रमुख ने सीएनए को बताया कि घायल यात्री परिवार के सदस्य हैं, जिनमें से एक सिंगापुर का नागरिक है। पुलिस जांच के अनुसार, बस मोटरसाइकिल से टकरा गई और उसे कुछ मीटर तक घसीटती हुई ले गई और फिर बस में आग लग गई।

# जापान में 86.6 फीसद लोग कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में



टोक्यो। जापान के 86.6 फीसद लोग देश में कड़े राजनीतिक धन नियंत्रण कानून के पक्ष में हैं। क्योदो न्यूज के टेलीफोनिक जनमत सर्वे में यह बात सामने आई है। क्योदो न्यूज ने अपना सर्वेक्षण रविवार को जारी किया है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, जनमत सर्वे में शामिल 86.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के राजनीतिक चंदा उगाही में हुए घोटाले के बीच सख्त राजनीतिक धन नियंत्रण कानूनों का समर्थन किया है। जापाना टुडे के अनुसार, जनमत सर्वे में कुल 61.6 प्रतिशत लोग नए साल के दिन मध्य जापान के नोटो प्रायद्वीप में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप से निपटने के जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के तरीके से असंतुष्ट दिखे। 54.6 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें लगता है कि भूकंप पर सरकार की प्रतिक्रिया त्वरित थी। बाकी ने इसे ने इसे बहुत धीमा माना।

इस सर्वे में 75.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि उन्हें नहीं लगता कि सरकार के किए गए ताजा उपायों से ऐसे घोटाले रुकेंगे। 33.4 प्रतिशत लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा जल्द से जल्द पद छोड़ देंगे। 53.3 प्रतिशत लोगो में से अधिकांश ने ओकिनावा प्रांत के एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के हस्तांतरण पर केंद्र सरकार के रुख पर आपत्ति जताई है।

# दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक आज से, गाजा और यूक्रेन में छिड़े युद्ध पर भी होगी चर्चा




**दावोस (स्विटजरलैंड)।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक पांच दिवसीय 54वीं बैठक का आगाज आज यहां होगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, संघर्ष एवं फेक न्यूज जैसे कई संकटों से जूझ रही है। बैठक में दुनियाभर के 2,800 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इनमें 60 से अधिक राष्ट्र एवं सरकारों के प्रमुख शामिल हैं।

द स्विस टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व आर्थिक मंच की इस बैठक में राजनीति, व्यापार और समाज के प्रमुख अतिथि यूक्रेन और मध्य पूर्व में युद्ध, संभावित नई महामारी, जलवायु परिवर्तन और साइबर हमले जैसे चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। मंच की विशिष्ट बैठक ग्रीसंस पर्वत रिसॉर्ट में होगी। इस बैठक के एजेंडे में गाजा और यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए उच्चस्तरीय वार्ता सबसे ऊपर है। सबसे महत्वपूर्ण अतिथि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्स्की हैं। उनके मंगलवार को यहां पहुंचने की संभावना है। रूस के सहयोगी देश चीन प्रधानमंत्री ली कियांग भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। पश्चिम को उम्मीद है कि वह बीजिंग के माध्यम से मास्को को प्रभावित करने में सक्षम होगा।

इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व तीन केंद्रीयमंत्री स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी करेंगे। उनके साथ तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और 100 से ज्यादा सीईओ भी मौजूद रहेंगे। बैठक की औपचारिक शुरूआत से एक दिन पहले यूक्रेन के लिए शांति योजना पर चर्चा करने के लिए दावोस ने पहली बार 90 देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक की मेजबानी की।

द स्विस टाइम्स के अनुसार एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बार्ज ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में हो रही है। इस दौरान ब्रेंडे ने भारत को आठ प्रतिशत से अधिक जीडीपी वाला प्रमुख देश करार दिया। इस वर्ष की बैठक की थीम है- रीबिल्डिंग ट्रस्ट।

# उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण से कई देशों की नींद उड़ी



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के हाइपरसोनिक वारहेड युक्त मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण ने कई देशों की नींद उड़ा दी है। इस पर उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि रविवार दोपहर हुए इस प्रक्षेपण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस-ईंधन इंजन की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक वारहेड की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। यह परीक्षण सफल रहा।

केसीएनए के अनुसार, इस परीक्षण से किसी भी पड़ोसी देश की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा और इसका क्षेत्रीय स्थिति से कोई लेना-देना नहीं है। यह परीक्षण रक्षा विज्ञान संस्थानों की शक्तिशाली हथियार प्रणालियों को विकसित करने की नियमित गतिविधियों का एक हिस्सा है।

इस परीक्षण पर दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बड़ा दावा किया। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण कोरिया ने कहा है कि यह मिसाइल दूरस्थ अमेरिकी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई है। इससे गुआम और जापान में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित किया जा सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उत्तर कोरिया की इस मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया 2021 से हाइपरसोनिक हथियारों का परीक्षण कर रहा है। उन्हें मैक 5 से अधिक या ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक गति से उड़ने के लिए डिजाइन किया गया है।

केसीएनए की एक रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री चोए सन हुई के नेतृत्व में एक उत्तर कोरियाई प्रतिनिधिमंडल रूस के विदेश मंत्री के निमंत्रण पर रूस की यात्रा के लिए रविवार को प्योंगयांग से रवाना हुआ है। जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सरकारों का दावा है कि उत्तर कोरिया, रूस को यूक्रेन पर आक्रमण के लिए तोपखाने और मिसाइलों सहित अन्य हथियारों की आपूर्ति कर रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अमेरिका के कई राज्यों में रामभक्तों ने निकाली कार रैली, वाशिंगटन में संगीत कार्यक्रम का आयोजन




**वाशिंगटन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले राम भक्तों ने अमेरिका के 21 शहरों में कार रैली निकालीं। वहीं, राजधानी वाशिंगटन में विश्व हिंदू परिषद ने भगवान राम को समर्पित एक अनूठा ह्यटेस्लाह्ल कार संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। वाशिंगटन के फ्रेडरिक शहर में स्थित श्री भक्त अंजनेय मंदिर के बाहर सौ से ज्यादा राम भक्त शनिवार रात को अपनी-अपनी ह्यटेस्लाह्ल कार लेकर जुटे। उन्होंने टेस्ला कार की मुख्य विशेषताओं में से एक का प्रयोग कर भगवान राम को समर्पित कुछ प्रसिद्ध गाने भी बजाए। टेस्ला कार की इस विशेषता के तहत गाड़ी की हेडलाइट और स्पीकर आपस में जुड़ जाते हैं और हेडलाइट से निकलने वाली रोशनी के बीच गाने की धुन पर लोग नाचते हैं। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की अमेरिका इकाई ने टेस्ला संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। विहिप के मुताबिक, 200 से ज्यादा टेस्ला कार मालिकों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कराया था और उनमें से बड़ी संख्या में लोग यहां जुटे। कार्यक्रम के आयोजकों ने ड्रोन से तस्वीरें भी लीं, जिसमें गाड़ियों को इस तरह से खड़ा किया गया था कि ऊपर से देखने में ह्यरामह्ल लिखा हुआ जैसा प्रतीत हो रहा था।

विश्व हिंदू परिषद की वाशिंगटन इकाई के अध्यक्ष महेन्द्र सापा ने कहा, ह्यह्यअयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आज (शनिवार) हमने टेस्ला राम भगवान संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। हम पिछले 500 वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर के लिए संघर्ष करने वाली हिंदू पीढ़ी के आभारी हैं।अमेरिका में राम मंदिर समारोह का नेतृत्व कर रही विहिप ने शनिवार को 21 शहरों में कार रैलियों का भी आयोजन किया, जिसमें अटलांटा, ऑस्टिन, बोस्टन, कार्मेल (इंडियाना), उत्तरी कैरोलिना, शिकागो, कोलोराडो, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, और कैलिफोर्निया समेत अन्य राज्य शामिल हैं। विहिप ने कहा कि रविवार को भी इस तरह की और रैलियों का आयोजन किया जाएगा।